हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026
[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]



## खबर संक्षेप

### महेतरीन बाई सूर्यवंशी



**बिलासपुर।** ग्राम सकर्रा निवासी महेतरीन बाई सूर्यवंशी का 4 फरवरी को निधन हो गया। वे 82 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम में किया गया । वे मनहर लाल, नारायण प्रसाद, विष्णु प्रसाद, कन्हैया लाल की माता थीं

### सुरेश सदाशिव दुर्गे



**बिलासपुर।** रेलवे कंट्रोल ऑफिस से रिटायर्ड चीफ कंट्रोलर सुरेश सदाशिव दुर्गे का वर्तमान निवास नोएडा दिल्ली में शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 7 फ़रवरी सुबह 11 बजे सेक्टर 94 नोएडा दिल्ली में किया जाएगा । वे सुप्रिया हर्ष ठाकुर, प्रसन्ना दुर्गे, सुजाता प्रशांत देशपांडे के पिता थे।

### विजय बरगाह



**बिलासपुर।** महाराजा बाग अमेरी रोड निवासी विजय बरगाह का 6 फरवरी को निधन हो गया। वे 52 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से 7 फरवरी को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे डी एस. बरगाह के बेटे, जयलता बरगाह के पति, अचिंत बरगाह के पिता थे।

### राहुल राय



**मस्तूरी।** युवा कांग्रेस नेता राहुल राय का 32 वर्ष की उम्र में 5 फरवरी को निधन हो गया। जइनका अंतिम संस्कार गृहग्राम किरारी में 6 फरवरी को किया गया। वे कन्हैया राय के सुपुत्र थे।

### ढालू अग्रवाल



**मस्तूरी।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायिक स्वर्गीय गजानंद प्रसाद अग्रवाल के छोटे पुत्र ढालू अग्रवाल का 34 वर्ष की आयु में 5 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार भारतीय नगर बिलासपुर स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विकेश, विकास, विनय अग्रवाल के छोटे भाई थे।

### सतीश मरकाम



**तखतपुर।** भीमपुरी निवासी सतीश मरकाम का 12 वर्ष की उम्र में 5 फरवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भीमपुरी में किया गया। वे रमेश मरकाम के पुत्र थे।

### ताम सिंह राजपूत



**तखतपुर।** ग्राम कोदवाबानी निवासी ताम सिंह राजपूत का 35 वर्ष की उम्र में 6 जनवरी को निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम कोदवाबानी में किया गया। वे सुरेश सिंह राजपूत के भाई थे।

## रेत तस्करी पर बड़ी कार्रवाई, ट्रक व कार जब्त

# तस्करों ने किया वन विभाग की टीम को कुचलने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले में वन विभाग के कर्मचारियों ने फिल्मी अंदाज में 6 किलोमीटर पीछा कर अवैध रेत से भरी गाड़ी को पकड़ी है। 3 फरवरी को जुआटोला से गौरेला की तरफ एक ट्रक आ रहा था, जिसमें अवैध रेत लदी थी। रेत माफिया कार पर सवार था। वन विभाग की टीम पर मध्यप्रदेश के रेत माफिया ने हमले की कोशिश की। उन्होंने कार्रवाई में शामिल कर्मचारियों को कुचलने का प्रयास किया। टीम ने रेत से लदी गाड़ियों को घेराबंदी कर कार्रवाई की, लेकिन तस्कर भागने में कामयाब रहे।

जिले के अमरकंटक बॉर्डर क्षेत्र की शांत पहाड़ियों के बीच उस वक्त अफरा-तफरी मच गई। जब अवैध रेत से लदी गाड़ियों का पीछा करते हुए वन विभाग की टीम सीधे रेत माफियाओं से जा टकराई। पूरा घटनाक्रम किसी एक्शन फिल्म के सीन जैसा था। अवैध रेत तस्करी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम ने छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के अमरकंटक क्षेत्र की सीमा से लगे इलाके में मोर्चा संभाला। तभी अवैध रेत से भरी गाड़ी नजर आईं। इशारा मिलते ही टीम ने रास्ता घेरा, लेकिन खुद को घिरता देख रेत माफिया बौखला उठे। गाड़ियों की रफ्तार अचानक बढ़ा दी गई और वनकर्मियों को कुचलने तक की कोशिश की गई।





### गाड़ियां छोड़कर फरार हो गए तस्कर

बताया जा रहा है कि गाड़ियां अमरकंटक क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय रेत कारोबारी मोहम्मद इब्राहिम से जुड़ी थीं। पीछा और घेराबंदी के बीच हालात इतने बिगड़े कि, तस्करों ने हमला करने की कोशिश भी की, मगर सूझबूझ और साहस से वनकर्मियों ने मोर्चा संभाले रखा। इसी बीच कार्रवाई करते हुए टीम ने एक रेत से लदी ट्रक और एक कार को मौके पर दबोच लिया। तस्कर गाड़ियां छोड़कर फरार हो गए।

### पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही

घटना की पुष्टि करते हुए गौरेला रेंज के रेंजर प्रबल दुबे ने बताया कि यह अंतरराज्यीय रेत तस्करी का मामला है और पूरे नेटवर्क की जांच की जा रही है। फरार आरोपियों की तलाश जारी है और आने वाले दिनों में और खुलासे हो सकते हैं। अमरकंटक बॉर्डर पर हुआ यह घटनाक्रम साफ संकेत देता है कि, रेत का अवैध कारोबार अब खुलेआम चुनौती बनता जा रहा है और उसे रोकने के लिए वन विभाग भी किसी फिल्मी हीरो की तरह मैदान में डटा हुआ है।

# बदहाली की कगार पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी



▪ वर्षों से नहीं हुई भवनों की मरम्मत व पुताई

**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ शासन की ओर से वर्ष 2019 में शासकीय कर्मचारियों के लिए निर्मित की गईं हाउसिंग बोर्ड कॉलोनियां आज खुद लापरवाही का पर्याय बन चुकी हैं। बिल्हा विकासखंड मुख्यालय स्थित 44 शासकीय आवासों वाली हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बीते 6 वर्षों से पूरी तरह उपेक्षित है, जबकि इसका रखरखाव शासन आदेशानुसार लोक निर्माण विभाग के अधीन है।

6 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बावजूद कॉलोनी में आज तक भवनों की मरम्मत, पुताई एवं नियमित अनुरक्षण कार्य नहीं कराए गए हैं, जो संबंधित विभाग की गंभीर उदासीनता को उजागर करता है। रखरखाव के अभाव में कॉलोनी की स्थिति अब अत्यंत जर्जर, असुरक्षित और खतरनाक हो चुकी है। भवनों की दीवारों में गहरी सीलन, जगह-जगह से प्लास्टर का झड़ना, छतों से पानी टपकना और संरचनात्मक क्षति स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। हालात ऐसे हैं कि, किसी भी समय बड़ा हादसा घटित हो सकता है। कॉलोनी में पेयजल आपूर्ति पूरी तरह चरमरा चुकी है। साथ ही वर्षों से नालियों की सफाई न होने के कारण गंदगी और जलभराव बना रहता है, जिससे मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। आंतरिक सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, वहीं स्ट्रीट लाइट और विद्युत व्यवस्था भी अधिकांश समय ठप रहती है, जिससे विशेष कर रात्रि में असुरक्षा का माहौल बना रहता है। विडंबना यह है कि, जिन शासकीय कर्मचारियों से शासन व्यवस्था को सुचारु रखने की अपेक्षा की जाती है, वही कर्मचारी और उनके परिवार आज बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि, कई बार संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

# रोजगार गारंटी समाप्त कर ग्रामीणों का अधिकार छीन रही भाजपा

▪ कांग्रेस की मशाल रैली, सरकार के खिलाफ बुलंद की गई आवाज

**बोदरी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष राजू किशन यादव एवं बिल्हा विधानसभा अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका बोदरी में जिला स्तर पर मशाल यात्रा व जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने भाग लिया।

मशाल यात्रा में मुख्य रूप से मनरेगा बचाओ संग्राम के प्रदेश समन्वयक, पूर्व मंत्री, खरसिया विधायक उमेश पटेल शामिल हुए। गुरुवार शाम 7 बजे चकरभाठा के अचानकपुर चौक से हाथों में मशाल लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए हजारों कांग्रेसी नगर भ्रमण करते हुए झूलेलाल मंदिर के पास पहुंचे, जहां जन आक्रोश सभा में कांग्रेसी नेताओं ने सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। सभा में पूर्व मंत्री उमेश पटेल केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर बरसते हुए बोले कि, मोदी सरकार मनरेगा की कानूनी गारंटी समाप्त कर ग्रामीणों से रोजगार का अधिकार छीन रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि, प्रदेश सरकार की लचर व्यवस्था के चलते लाखों किसानों का धान खरीदी नहीं हो सकी है, जिसके कारण किसान अपनी धान औने-पौने दाम पर बिचौलियों को बेचने को मजबूर हैं। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ ने कहा कि, सरकार की किसान मजदूर विरोधी नीतियों से प्रदेश में हर वर्ग पीड़ित है। साथ ही सभा को विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, गीतांजलि कौशिक, प्रमोद नायक ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में विवेक बाजपेयी, मनहरण कौशिक, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू किशन यादव, बिल्हा विस युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, संत सर्वे, वसीम खान, भास्कर वर्मा, राजेश साहू, दिवाकर दुबे सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।



## युवक पर धारदार हथियार से हमला, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** हंसी मजाक के दौरान गाली-गलौज कर मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरापारा रायपुर निवासी विजय धनगर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि, 5 फरवरी को वह शादी में तखतपुर आया हुआ था एवं अजय पाली से बातचीत कर रहा था। इसी दौरान राज पाली आया और गाली-गलौज करते हुए धारदार हथियार से हमला कर उसके हाथ की उंगली को काट दी। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

# विधायक की अनुशंसा पर क्षेत्र को दो नई सड़कों की सौगात



**बिलासपुर।** बेलतरा विधानसभा को आए दिन नए विकास कार्यों की सौगात मिल रही है। इसी क्रम में क्षेत्र के युवा विधायक सुशांत शुक्ला की पहल पर सरकार ने बेलतरा को दो नई सडकों की स्वीकृति दी है। ये सड़कें आवागमन की दृष्टि से आम लोगों के जीवन के लिए बड़ी राहत देने वाली साबित होंगी। सरकार ने विस बेलतरा अंतर्गत नेवसा से गढ़वट पहुंच मार्ग लंबाई 6. 325 किलोमीटर के नवीनीकरन के लिए 741.67 लाख रुपए की राशि को स्वीकृति प्रदान की है। वहीं 2 किलोमीटर लंबे अमतरा-लछनपुर मार्ग हेतु 273.94 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। जल्द से जल्द टेंडर प्रकिया पूर्ण कर सड़कों का निर्माण कार्य प्रारंभ किए जाने की योजना है। पूर्व में भी विधानसभा के दर्जन भर से भी अधिक सड़कों को राज्य सरकार की ओर से उन्नतिकरण और नव निर्माण की स्वीकृति दी गई थी, जिनमें अधिकांश जगहों पर कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, वहीं कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य जारी हैं। इसी तरह क्षेत्र में विकास के दृष्टिगोचर नगरी निकाय एवं पंचायत ग्रामीण विकास मंत्रालय के माध्यम से पंचायत व शहर के विभिन्न वार्डों में जनहित से जुड़े छोटे बड़े कई निर्माण कार्य चल रहे हैं, जो लगभग 500 करोड़ के आंकड़े को पार कर गए हैं। इस पर बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि, एक जनप्रतिनिधि होने के कारण उनका कर्तव्य बनता है कि, वे जनता के प्रति सदैव उत्तरदाई रहें।

# मेला स्थल पर जुआ खेलते 5 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया

▪ 18 हजार 760 रुपए जब्त, आरोपियों को भेजा गया जेल

थाना पथरिया क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम घुठेली मेला स्थल पर जुआ खेल रहे पांच जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से 18 हजार 760 रुपए नगद एवं 52 पत्ती ताश की गड्डी जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ अधिनियम की धारा 3(2) तथा धारा 170 के तहत मामला दर्ज कर उन्हें एसडीएम न्यायालय पथरिया में पेश किया गया, जहां से सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार 5 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि, ग्राम घुठेली मेला स्थल के आसपास कुछ लोग ताश के पत्तों पर दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पथरिया पुलिस एवं मुंगेली साइबर टीम ने संयुक्त रूप से छापेमार कार्रवाई की। इस दौरान कुछ जुआरी फरार हो गए, जबकि पांच आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया गया।




### गिरफ्तार आरोपी

पिंटू उर्फ अमित खुटे 36 वर्ष निवासी डिघोरा, थाना पथरिया, अभिषेक कुर्रे 32 वर्ष निवासी डिघोरा, थाना पथरिया, चंद्रशेखर राजपूत 20 वर्ष निवासी पंडरभाठा, थाना मुंगेली, प्रदीप राजपूत 28 वर्ष निवासी घुठेली थाना पथरिया, व्यास कुर्रे 30 वर्ष निवासी डिघोरा थाना पथरिया।

# सागर स्कूल को दी गई दान की भूमि पर अतक्रिमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

▪ भूमि से प्राप्त आय में भी बंदरबाट, विद्यालय तक नहीं पहुंची राशि

ग्राम पंचायत सागर में विद्यालय को दान में मिली कृषि भूमि की उपज से प्राप्त राशि में बड़े पैमाने पर हेर-फेर एवं दान किए गए भूखंड पर कुछ रसूखदारों द्वारा कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। मामला तखतपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत सागर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला का है, जहां गांव के 13 समाजसेवियों ने वर्ष 1994 में खसरा नंबर 513,587,1148 कुल रकबा 7 एकड़ 19 डिसमिल भूमि स्कूल को दान की थी। उद्देश्य था कि खेती से होने वाली आय से विद्यालय और विद्यार्थियों का विकास किया जाए। लेकिन जांच में खुलासा हुआ कि, 31 वर्षों तक इस आय के लिए बैंक खाता तक नहीं खोला गया। न राशि तो विद्यालय तक पहुंची, न ही बच्चों के हित में उपयोग हुआ।

जांच टीम के सामने मामला प्रकाश में आया कि वर्ष 2020-21 में दान की भूमि को अवैध रूप से बिना विभागीय अनुमति के शाला समिति के सदस्य एवं पंच सुरेंद्र तिवारी को लीज पर दे दिया गया, और बिना उच्चाधिकारियों की जानकारी के आय का उपयोग केवल कागजों में दिखाया गया। साथ ही बिल-वाउचर और रोकड़ बही मांगने पर कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं कराया गया। इतना ही नहीं, लीज अवधि पूरी होने से पहले ही 20 साल तक उसी लीजधारी का अवधि बढ़ाने का विरोधाभासी प्रस्ताव भी पारित कर दिया गया।

ग्रामीणों की शिकायत पर जनपद उपाध्यक्ष एवं अध्यक्ष शाला विकास समिति राकेश तिवारी ने बीईओ को जांच कराने निर्देशित किया, जिस पर बीईओ ने प्राचार्य राजेंद्र चंद्रकांत, प्राचार्य गीता यादव, एबीओ पुष्पलता एक्का, प्रधान पाठक विजय जाटवर, संकुल समन्वयक नितेश सिंगरौल टीम बनाकर शिक्षा समिति के सदस्य सभापति द्वय रंजना तुलसी कौशिक, परमेश्वर पटेल के देख-रेख में जांच कराई। जांच के दौरान पूर्व प्रधान पाठकों के बयान से अनियमितताएं उजागर हुईं। वर्तमान प्रधान पाठक ने पूर्व की गड़बड़ियों से अनभिज्ञता जताते हुए लीज प्रस्ताव रद्द कर दिया और अब विद्यालय का बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

पंचायत प्रतिनिधियों एवं समिति के सदस्यों द्वारा जो लिखने कहा जाता था, वह मैं कार्रवाई में लिखता था।

**-अनिल कौशिक**
पूर्व प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला सागर

मेरी पोस्टिंग दिसंबर 2022 में हुई, मुझे दान की जमीन की जानकारी नहीं थी। वर्ष 2025 में जब समिति के सदस्य सुरेन्द्र तिवारी मुझे 4 हजार 500 रूपये देने पहुंचे, तब मुझे जानकारी हुई।

**-मनोज कौशिक**
प्रधान पाठक, प्राथमिक शाला सागर

कुछ माह पहले ही मेरी पोस्टिंग हुई है, मुझे कृषि भूमि की जानकारी नहीं थी। बाद में ग्रामीणों ने बताया, तो कार्रवाई रजिस्टर का निरीक्षण करने पर इसकी जानकारी मिली। साथ ही इसे 2045 तक लीज पर देने की बात भी पता चली। तब बीईओ को इसकी जानकारी देकर मार्गदर्शन लिया, जिसके बाद सुरेंद्र तिवारी की लीज समाप्त कर दी गई, और बैंक खाता खुलवाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

**-रविशंकर कौशिक**
प्रधान पाठक, पूमा शाला

### रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई

अनियमितता होने की सूचना मिली है, इसीलिए जांच करा रहा हूं। जांच रिपोर्ट आने पर दोषियों पर कार्वाई की जाएगी।

**-कामेश्वर बैरागी**
बीईओ तखतपुर



तापमान

अधिकतम 30.3 डिग्री

न्यूनतम 15.3 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026



अशोकनगर में नाली निर्माण के दौरान सड़क पर कीचड़ फैला।



## नगर में आज

### नवोदय विद्यालय- 9वीं 11वीं में प्रवेश परीक्षा

**बिलासपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं के रिक्त स्थानों के लिए प्रवेश परीक्षा 7 फरवरी को आयोजित की जाएगी। इस लेटरल एंट्री परीक्षा में जिला गौरेला-पेंड्रा-मरवाही और बिलासपुर के परीक्षार्थी शामिल होंगे। विद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र 2026-27 के लिए यह प्रवेश परीक्षा बिलासपुर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों में संपन्न होगी। परीक्षा केंद्रों में शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर, मिशन हायर सेकेंडरी स्कूल बिलासपुर एवं गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल राजेंद्र नगर बिलासपुर शामिल हैं। कक्षा 11वीं की परीक्षा सुबह 10:45 से 1:30 बजे तक और कक्षा 9वीं की परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित होगी।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच की बैठक

**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ द्वारा नवनिर्मित आशीर्वाद भवन तुर्काडीह रोड लोखंडी भगवान श्री परशुराम मंदिर परिसर में भगवान श्री शिव परिवार, संकटमोचन हनुमान एवं आदिशक्ति मां भगवती मंदिर निर्माण किया जाएगा। मंच के प्रदेश अध्यक्ष बी के पांडेय एवं संगठन सचिव पं सुदेश दुबे ने बताया कि 7 फरवरी को सुबह 10 बजे भगवान श्री परशुराम की महाआरती, नवीन मंदिर का भूमिपूजन, मासिक बैठक का आयोजन किया गया है।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता सम्मान समारोह

**बिलासपुर।** बिलासपुर सेवा समिति के तत्वावधान में 25 दिसंबर को आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का प्रतिभा सम्मान समारोह 7 फरवरी को रोटरी क्लब सीएमडी चौक में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के सदस्य काशी राम कैवर्त ने बताया यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। उन्होंने बताया कि बिलासा सेवा समिति बिलासपुर के तत्वावधान में मछुआरा समुदाय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित राज्य स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता 25 दिसंबर को सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। इसमें मछुआरा समाज के समस्त अध्यक्ष, महिला अध्यक्ष, समाज प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ता एवं समाज के सभी लोगों का सहयोग रहा। प्रतियोगिता का सम्मान समारोह की तैयारी पूरी कर ली गई है।

### पंचायतों में मनाया जाएगा रोजगार दिवस

**बिलासपुर।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में 7 फरवरी को रोजगार दिवस मनाया जाएगा। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि इस दिवस पर प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीणों को वीबी जीरामजी योजना की जानकारी दी जाएगी। योजना के अंतर्गत उपलब्ध सुविधाओं, लाभ एवं पात्रता से ग्रामीणों को अवगत कराया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग योजना का लाभ उठा सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को उनके अधिकारों के संरक्षण के संबंध में जागरूक करते हुए सामूहिक रूप से अधिकार संरक्षण का संकल्प भी दिलाया जाएगा। इसका उद्देश्य ग्रामीणों में सामाजिक जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग बनाना है। इसके साथ ही समस्त ग्राम पंचायतों में क्यूआर कोड स्कैनिंग की प्रक्रिया भी कराई जाएगी। इसके माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न शासकीय योजनाओं, सेवाओं एवं जानकारियों तक डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए आसान और त्वरित पहुँच उपलब्ध कराई जाएगी।

# निजी गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर, सरकारी सूमो में डीजल की पर्ची ले रहे थे डिप्टी कमिश्नर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हरिभूमि फॉलोअप

- टोयोटा रूमियान नामक गाड़ी में डलवाते रहे पेट्रोल
- टाटा सूमो में डीजल के नाम पर कटवाते रहे पर्ची

टोयोटा रूमियान नामक अपनी निजी गाड़ी में पेट्रोल डलवाकर सहकारिता विभाग के डिप्टी कमिश्नर अपनी कंडम सरकारी टाटा सूमो के नाम पर डीजल की पर्ची कटवाते रहे। निजी गाड़ी में पेट्रोल डलवाते समय इनके द्वारा पर्ची तो सरकारी सूमो के नाम पर ली जाती थी, लेकिन बिल निजी गाड़ी में पेट्रोल के नाम से लेते थे। यह सिलसिला पिछले छह महीने से हर हफ्ते प्रत्येक बार पेट्रोल भरवाते समय दोहराया जा रहा था।

एसपी आफिस परिसर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल की छत पर खड़ी कंडम टाटा सूमो क्रमांक सीजी 02 3516 में सहकारिता विभाग के डिप्टी कमिश्नर द्वारा हर हफ्ते फर्जी तरीके से डीजल डलवाने के मामले मे एक बड़ा खुलासा हुआ है। डिप्टी कमिश्नर द्वारा अपनी निजी गाड़ी टोयोटा रूमियान क्रमांक सीजी-10 बीआर 9010 में पेट्रोल डलवाते थे। पेट्रोल तो अपनी निजी गाड़ी में डलवाया जाता था, लेकिन पुलिस पेट्रोल पंप से हर बार दो तरह के दस्तावेज लिए जाते थे। पहला दस्तावेज लाल-पीली पर्ची होती थी, जिसमें सूमो में 25 लीटर डीजल का उल्लेख होता था। इसके विपरीत दूसरा दस्तावेज पेट्रोल का बिल होता था, जिसमें टोयोटा रूमियान में दो हजार रूपए का 19.97 लीटर पेट्रोल भरने का उल्लेख होता था।






### 'डीजल से बदली हुआ'

निजी वाहन में पेट्रोल भरवाकर डीजल की पर्ची लेते रहने के बाद पेट्रोल पंप प्रबंधन के द्वारा महीने के आखिर वाली लाल-पीली पर्ची में हिसाब के लिए 'डीजल से बदली हुआ' लिखा जाता था, ताकि कंफ्यूजन वाली कोई स्थिति निर्मित न हो सके, और सुनियोजित तरीके से डीजल को पेट्रोल में एडजस्ट कराया जा सके।


मल्टीलेवल पार्किंग की तीसरी मंजिल में कंडम हालत में खड़ा वाहन हर हफ्ते पी रहा है 25 लीटर डीजल

हरिभूमि में 6 फरवरी को प्रकाशित खबर।

**रिपोर्ट लेता हूं**

इस मामले में मैं संयुक्त कमिश्नर बिलासपुर से रिपोर्ट ले लेता हूं।

- **कुलदीप शर्मा,** पंजीयक सहकारिता छत्तीसगढ़

**संज्ञान में नहीं था**

प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं था। इसकी जांच करवा लेते हैं।

- **बसंत कुमार,** ज्वाइंट कमिश्नर सहकारिता



केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री नायडू से चर्चा करते केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू।

## सूचना मिलते ही वन विभाग बिलासपुर ने की जांच शुरु

# अवैध मिट्टी उत्खनन के साथ काट रहे सागौन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

वन मंडल बिलासपुर के मोपका क्षेत्र में घने जंगल से भू माफिया की अवैध मिट्टी उत्खनन के साथ सैकड़ों की संख्या में सागौन के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चल चुकी है। यह काम खुलेआम चल रहा है, जिसको देखने वाला भी कोई नहीं है। ग्रामीणों ने अवैध उत्त्खनन के साथ सागौन कटाई की सूचना वन विभाग को दी है, जिसके बाद विभाग के अफसरों ने जांच का आदेश जारी कर दिया है।

जानकारी के अनुसार मोपका के खसरा नम्बर 2500 और 53, 54, 55 में 80 एकड़ से अधिक वन विभाग की भूमि है। यहां पिछले कई वर्षो से अवैध मिट्टा का खनन और सागौन व अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही है। 80 एकड़ से अधिक फैले इस जंगल में किसी भी बीट गार्ड की तैनाती नहीं है। जिला मुख्यालय से चंद किलोमीटर दूर स्थित जंगल में कोई अफसर भी झांकने तक नहीं पहुंचते हैं, जिसका फायदा भू माफियाओं को मिल रहा है। वर्तमान में जेसीबी से प्रतियोगिता सैकड़ों फीट रेतीली मिट्टी की खोदाई करने के साथ पेड़ों को भी काटा जा रहा है। यहां पूर्व में तैनात गार्ड रामनारायण धूरी ने जानकारी दी कि वर्ष 2013-14 में मोपका के बीट नम्बर ए और बी में हजारों की संख्या में पौधरोपण किया गया था, जिसमें सागौन के पेड़ भी शामिल थी। इनकी सुरक्षा के लिए उनके साथ बुद्धेश्वर, राजकुमार जय कुमार सहित चार लोगों को जिम्मेदारी दी गई थी। दो वर्ष में उनकी कंपनी से अनुबंध समाप्त होने का हवाला देकर वन विभाग अफसरों ने सभी सुरक्षा गार्ड को हटा दिया। मोपका में फैले जंगल से लगे जमीनों में करीब पांच ईंट भट्ठे संचालित हैं। यहां से जंगल तक जाने अस्थायी रास्ता बनाया गया है, जो बड़े वाहनों के आवाजाही के लिए उपयोग में लाए जाते हैं।



मोपका क्षेत्र में भू माफिया द्वारा अवैध मिट्टी उत्खनन करने के कारण काटे गए सैकड़ों सागौन के पेड़।

**बीट गार्ड की नियुक्ति नहीं**

रामनारायण धूरी ने बताया कि अब तक कोई बीट गार्ड की नियुक्ति नहीं हुई है। शहर से लगे बेशकीमती वन भूमि को लावारिस हालत में छोड़ दिया गया है। वे स्वयं वर्षो से वन विभाग के दफ्तर के चक्कर काट रहे हैं, उन्हें 24 माह का वेतन भुगतान भी नहीं किया गया है।

**की जा रही जांच**

मोपका में वन विभाग की कोई भी भूमि नहीं है। अवैध उत्खनन और पेड़ों की कटाई के संबंध में शिकायत आई है। इसके खसरा नम्बर के अनुसार जांच का आदेश दे दिया गया है। अगर यह भूमि राजस्व क्षेत्र की होगी तो प्रशासन को इससे अवगत कराया जाएगा।

- **शुभम मिश्रा,** रेंजर, वन मंडल बिलासपुर

# नाइट लैंडिंग का रास्ता साफ, मिला लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बिलासा एयरपोर्ट बनने के 6 साल बाद एयरपोर्ट में नाइट लैंडिंग सुविधा शुरू की जा सकेगी। डीजीसीए द्वारा बिलासा एयरपोर्ट को 3सी आईएफआर के साथ ही नाइट लैंडिंग का लाइसेंस जारी किया गया है। अब रात्रीकालीन हवाई सेवा भी एयरपोर्ट पर संभव हो सकेगी।

लंबी प्रतीक्षा के बाद बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट को नाइट लैंडिंग का लाइसेंस मिल गया है। 72 व 80 सीटर तक विमान 24 घंटे चलाई जा सकेगी। खराब मौसम, रात, घने कोहरे के बीच फ्लाइट का परिवहन किया जा सकेगा। अब फ्लाइट कैंसिल होने की आशंका भी समाप्त हो चुकी है। 24 घंटे हवाई सुविधा के लिए सालों से संघर्ष जारी है। 2021 मार्च में एयरपोर्ट से उड़ानों का संचालन शुरू किया गया है, लेकिन रात्रिकालीन फ्लाइट का परिवहन नहीं किया जा रहा है, ऐसे में लाइसेंस मिलने के बाद इस समस्या से निजात मिल सकेगी। हवाई सुविधा संघर्ष समिति ने कहा कि महानगर तक उड़ान और 4सी एयरपोर्ट की मांग के बगैर नाइट लैंडिंग की सुविधा अधूरी है। समिति ने केंद्र और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया गया है।

**अब रात में हो सकेगा हवाई सफर**



**यात्रियों को मिलेगी सुविधा**

शुक्रवार को पत्र प्राप्त हुआ है, जिससे अब बिलासा एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन हवाई सेवा भी शुरू की जा सकेगी। रात में मेडिकल एयर एम्बुलेंस जैसी सुविधा मिल सकेगी, जिससे यात्री व जरूरतमंदों को खासी सहूलियत होगी।

- **एनबी सिंह,** डायरेक्टर बिलासा एयरपोर्ट

### हर मौसम में उड़ेगी फ्लाइट-तोखन साहू

केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने बिलासा एयरपोर्ट को 3सी ऑल वेदर आपरेशन आईएफआर श्रेणी का लाइसेंस मिलना ऐतिहासिक और दूरगामी उपलब्धि है। अब सभी मौसमों में विमान संचालन संभव हो सकेगा। क्षेत्रीय हवाई कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी और यात्रियों को अधिक सुरक्षित, सुगम एवं हवाई सेवाएँ मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू किंजरापु के दूरदर्शी नेतृत्व व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विकासपरक के परिणामस्वरूप बिलासा एयरपोर्ट को लाइसेंस मिल सका है। ऑल-वेदर संचालन की सुविधा मिलने से कोहरे, वर्षा अथवा खराब मौसम की स्थिति में भी विमानों का सुरक्षित संचालन संभव होगा,उड़ानों के निरस्तीकरण में कमी आएगी।

## अटैचमेंट खत्म : 10 माह पूर्व हुए थे अटैच

# खैरागढ़ संगीत विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार तिवारी लौटे घर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खैरागढ़ संगीत यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रार बनकर गए अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. सौमित्र तिवारी की 10 माह बाद अटल यूनिवर्सिटी वापसी हो रही है। शासन ने डॉ. तिवारी की प्रतिनियुक्ति समाप्त करते हुए तत्काल प्रभाव से अटल यूनिवर्सिटी में पदस्थ कर दिया है। खैरागढ़ के इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी का प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया गया है। डॉ. तिवारी सोमवार को अटल यूनिवर्सिटी से रिलीव भी हो गए हैं।

अटल यूनिवर्सिटी में फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नालाजी डिपार्टमेंट में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर डॉ. सौमित्र तिवारी पदस्थ रहें हैं। शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने जून 2025 में आदेश जारी कर उनकी सेवा प्रतिनियुक्त पर इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी खैरागढ़ को सौंपा था और सौमित्र को खैरागढ़ यूनिवर्सिटी का प्रभारी रजिस्ट्रार बनाया गया था। उच्च शिक्षा विभाग से प्रतिनियुक्ति आदेश मिलने के बाद डॉ. तिवारी अटल यूनिवर्सिटी से रिलीव होकर वहां पदभार संभाल लिए थे। क्योंकि खैरागढ़ यूनिवर्सिटी में रजिस्ट्रार का पद खाली पड़ा था और वहां पर प्रभार देकर काम चलाया जा रहा था। एक यूनिवर्सिटी से दूसरे यूनिवर्सिटी में किसी पद पर पदस्थ किया जाता है तो वह प्रतिनियुक्ति के आधार पर किया जाता है।

प्रतिनियुक्ति निर्धारित अवधि के लिए किया जाता है, किन्तु श्री तिवारी के प्रभारी रजिस्ट्रार के पद पर प्रतिनियुक्ति आदेश में अवधि का उल्लेख नहीं था। सौमित्र तिवारी संगीत यूनिवर्सिटी में करीब 10 महिने तक रजिस्ट्रार रहें, किन्तु वहां पर कर्मचारियों ने उनके खिलाफ मोर्चा खोल दिया था इसलिए उच्च शिक्षा विभाग ने उनकी प्रतिनियुक्त समाप्त कर दी है और उन्हें अटल यूनिवर्सिटी में वापस पदस्थ कर दिया है।



**हड़ताल पर उतर आए थे कर्मचारी**

इंदिरा कला संगीत यूनिवर्सिटी खैरागढ़ में गैर शिक्षक व कल्याणकारी संघ के संयुक्त मोर्चा के कर्मचारियों ने रजिस्ट्रार डॉ. सौमित्र तिवारी खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। कर्मचारी संघ द्वारा रजिस्ट्रार की कार्यशैली, मानसिक उत्पीड़न, अनुचित कार्यभार, प्रशासनिक पक्षपात और विकास कार्यो में बाधा जैसे आरोप लगाते हुए दो दिनों तक वहां हड़ताल कर दिया था। यह मामला शासन स्तर तक पहुंचा, जिसके बाद शासन ने रजिस्ट्रार की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर दी।

# 142 हितग्राहियों के घर-घर पहुंची जनपद टीम, अधूरे आवासों पर दिया अल्टीमेटम

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशानुसार जनपद पंचायत तखतपुर की टीम ने ग्राम पंचायत मुरु में आवास पूर्णता को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 142 आवास हितग्राहियों के घर-घर पहुंचकर अपूर्ण एवं अप्रारंभ आवासों को शीघ्र शुरू करने और पूरा करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान में सीईओ जनपद पंचायत तखतपुर सत्यव्रत तिवारी के नेतृत्व में जनपद की पूरी टीम दिनभर ग्राम मुरु में उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान हितग्राहियों को शासन की मंशा से अवगत कराते हुए समय-सीमा में आवास निर्माण पूर्ण करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्य दिलीप ध्रुव, सरपंच ललिता पटेल सहित डीईओ, पीओ, एजीपीओ, उपअभियंता, एडीईओ, तकनीकी सहायक, उपसरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, वार्ड पंच, आवास मित्र, मेट, महिला स्व-सहायता समूह एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### तिवारी राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति छत्तीसगढ़ से चयनित होने वाले पहले अध्येता बने



**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय में व्यवहारिक प्राध्यापक के रूप में सेवाएं दे रहे वरिष्ठ संस्कृति एवं संग्रहालय विशेषज्ञ अशोक तिवारी का भारत सरकार की राष्ट्रीय टैगोर शोधवृत्ति के लिए चयन किया गया है। यह शोधवृत्ति उन्हें छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रकला तथा मूर्तिकला पर गहन, व्यवस्थित और दीर्घकालीन अध्ययन के लिए प्रदान की जा रही है। उनके शोध का विषय है। छत्तीसगढ़ की लोक एवं जनजातीय चित्रित और मूर्त कला : पवित्र एवं सजावटी परंपराएं। शोधवृत्ति की अवधि दो वर्षों की निर्धारित की गई है। श्री तिवारी छत्तीसगढ़ राज्य से इस शोधवृत्ति के लिए चयनित होने वाले पहले अध्येता हैं, जिससे प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान और प्रतिष्ठा प्राप्त हुई है। ज्ञातव्य है कि अशोक तिवारी पिछले पाँच दशकों से अधिक समय से भारतीय लोकसंस्कृति, जनजातीय परंपराओं, दृश्य कला और संग्रहालय विज्ञान के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष एवं कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी ।

### बच्चों को स्वेटर, वॉटर बॉटल जूते वितरित किए गए



**बिलासपुर।** शासकीय प्राथमिक शाला देवांगन पारा तखतपुर में स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के द्वारा शाला के सभी बच्चों को महत्वपूर्ण सामग्रियां वितरित की गई। इस वितरण कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तेल चित्र का पूजा अर्चना के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि चंचल सलूजा एवं मुख्य अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद तखतपुर पूजा आत्मजीत सिंह मक्कड़ एवं कार्यक्रम के अन्य प्रमुख अतिथि नवीन चंद्र दुबे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शाला के सभी बच्चों को स्वेटर वॉटर बॉटल एवं जूते वितरित किए गए तथा शाला को एक बड़ी अलमारी भेंट की गई । विशिष्ट अतिथि चंचल सलूजा ने बच्चों को आवश्यकता अनुसार वस्तुएं वितरित करते हुए कहा कि मुझे बड़ी खुशी होती है जब हमारी संस्थान के द्वारा साल के बच्चों को उसकी उनकी आवश्यकता की वस्तुएं प्रदान की जाती है।

### असंगठित श्रमिकों को मिलेगी 3000 पेंशन

**बिलासपुर।** केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद पात्र श्रमिकों को प्रतिमाह 3000 रुपए पेंशन दी जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए श्रमिकों को 15 मार्च तक पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। पंजीयन की प्रक्रिया लोक सेवा केन्द्र या च्वाईस सेंटरों से की जा सकती है। श्रम विभाग के अधिकारी ने बताया कि 60 वर्ष आयु पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3000 रुपए पेंशन प्राप्त होगी। जो हितग्राही 18 वर्ष की आयु में योजना में शामिल होगा उसे प्रतिमाह 55 रुपए के मान से 60 साल की उम्र होते तक हर महीने 55 रुपए जमा करना होगा। 18 से 40 वर्ष उम्र का कोई भी व्यक्ति जो किसी भी तरह के काम एवं रोजगार में संलग्न है और जिसकी आय 15000 रुपए मासिक से कम हो योजना का लाभ प्राप्त कर सकता है। इसमें ऐसे कामगार या श्रमिक के अंतर्गत घर काम वाली बाई, कोई भी नौकर नौकरानी, रिक्शावाला, ऑटोवाला, फेरीवाला, रेजा-कुली, नल मिस्त्री, बिजली मिस्त्री, टाइल्स मिस्त्री, बढ़ई, हमाल, सफाई वाला स्वीपर, पोताई करने वाला, सरकारी ऑफिस में दैनिक वेतनभोगी, पानी पिलाने वाला, रसोईया, चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, राउत, दूध पहुँचाने वाला, चरवाहा, मछली पकड़ने वाला मछुवारा, पेपर वाला हॉकर, कचरा बिनने वाले, मनरेगा के श्रमिक, स्वसहायता समूह की महिलाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका, मितानिन, आशा कार्यकर्ता भी सभी योजना के लिए पात्र होंगे।

### लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स के लिए आवेदन 14 तक

**बिलासपुर।** शासकीय महिला आईटीआई कोनी द्वारा महिलाओं के उत्थान के लिए रोजगार एवं स्वरोजगारमुखी शुल्क आधारित लघु अवधि प्रशिक्षण कोर्स में प्रवेश के लिए 14 फरवरी तक आवेदन फार्म जमा किए जा रहे है। इच्छुक आवेदिका जनरल ड्यूटी असिस्टेंट, ब्यूटी पार्लर एवं फैशन डिजाइनिंग एवं सिलाई कोर्स के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल में स्थापना दिवस 10 को मनाया जाएगा

**बिलासपुर।** अघोरपीठ आश्रम बांसाझाल में 10 फरवरी को अभिषेक दिवस, महानिर्वाण दिवस मनाया जाएगा। विनोद तम्बोली ने बताया कि इस अवसर पर सुबह आश्रम स्थल की साफ-सफाई की जाएगी। श्रमदान के पश्चात हवन पूजन, सफल योनि का पाठ किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। शाम को विचार गोष्ठी होगी। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम अघोराचार्य महाराज बाबा सिद्धार्थ गौतम राम के अभिषेक दिवस एवं पूज्य रामेश्वर राम बाबा के महानिर्वाण दिवस एवं अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में इस कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है। आयोजन को लेकर समिति के सदस्यों में काफी उत्साह है, पूजा-अर्चना की तैयारी कर ली गई है।

### गुण्डागर्दी का वायरल हुआ वीडियो, आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बेलगहना क्षेत्र के भनवारटंक में एक दुकानदार को गाली गुलौज करते हुए धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन दिखाया और कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को धरदबोचा है। सार्वजनिक स्थान पर अश्लील गाली गलौज कर मारपीट करने करते हुए धमकाने का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा था, घटना भनवारटंक की है। जहां मो आसिफ खान उर्फ लवी द्वारा एक दुकान में मारपीट की जा रही है, वीडियो सामने आने के बाद एसएसपी रजनेश सिंह ने कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। पीड़िता के पुत्र मनोज कुमार नेटी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आमागोहन खोंगसरा निवासी आरोपी मोहम्मद आसिफ खान पिता मो. अजहर खान उम्र 30 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी पर चौकी बेलगहना में मारपीट, बलात्कार, अश्लील वीडियो वायरल करने जैसे मामलों में आरोपी रहा है।

---

**कार्य में लेटलतीफी का मामला** | सेंट्रल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार कार्यालय की टीम से कराया गया औचक निरीक्षण

# दो पूर्व रजिस्ट्रार समेत 180 अफसरों-कर्मचारियों व शिक्षकों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पूर्णकालिक रजिस्ट्रार की नियुक्ति के बाद अधिकारियों-कर्मचारियों व शिक्षकों की लेटलतीफी को लेकर प्रशासनिक कसावट लाने का प्रयास किया जा रहा है।

■ प्रशासनिक कसावट लाने का किया जा रहा प्रयास

इसी कड़ी में यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा दो पूर्व प्रभारी रजिस्ट्रार समेत 180 अधिकारियों-कर्मचारियों व शिक्षकों को अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। सेंट्रल यूनिवर्सिटी में इन 180 लोगों की लिस्ट एवं चेतावनी नोटिस को लेकर चर्चा बनी हुई है। क्योंकि इसमें कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के करीबी शिक्षक, अधिकारी भी शामिल हैं। इसलिए रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित द्वारा जारी नोटिस को लेकर यूनिवर्सिटी में बवाल मचा हुआ है। यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि विभिन्न विभागों में कार्यरत कतिपय शिक्षक, अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयीनन समय का नियमित रूप से पालन नहीं कर रहे हैं तथा निर्धारित समय से विलंब से कार्यालय में उपस्थित हो रहे हैं। यह स्थिति यूनिवर्सिटी के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यो को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करती है। निरीक्षण दौरानन कार्यालयीन समय पर उपस्थित नहीं पाए गए शिक्षकों, अधिकारियों व कर्मचारियों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे यूनिवर्सिटी द्वारा निर्धारित कार्यालयीन समय का कड़ाई से पालन करें तथा समय से कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें अन्यथा नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।




#### यूनिवर्सिटी में ढर्रा बिगड़ा हुआ था

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में शिक्षकों सहित अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए कार्यालयीन समय सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। चूंकि कुलपति तो अक्सर किसी न किसी कार्य से बाहर जाते रहते हैं और कुछ माह पहले तक रजिस्ट्रार भी प्रभारी शिक्षक रहते थे। इसलिए शिक्षकों समेत अधिकारियों-कर्मचारियों का यूनिवर्सिटी लेटलतीफ आने का ढर्रा बिगड़ा हुआ था।

#### टीम बनाकर विभागों का कराया गया निरीक्षण

सेंट्रल यूनिवर्सिटी में स्टाफ द्वारा लेटलतीफी का मामला लगातार सामने आ रहा था इसलिए कुलपति प्रो. आलोक चक्रवाल के निर्देश पर रजिस्ट्रार प्रो. अश्वनी दीक्षित द्वारा टीम बनाकर पिछले दिनों यूनिवर्सिटी के सभी विभागों का निरीक्षण कराया गया था। इसमें यूनिवर्सिटी के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और शिक्षक एचओडी अनुपस्थित मिलें थे। विभागों में अनुपस्थित पाए जाने वालों की लिस्ट में 180 लोगों का नाम शामिल है।

---

बार-बार बंद फाटक से लोगो को मिलेगी राहत

# अमेरी रेलवे क्रासिंग में साढ़े 11 करोड़ का अंडरब्रिज अंतिम चरण में, ओपनिंग 15 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

11 करोड़ 52 लाख रुपए की लागत से अमेरी रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य अंतिम चरण में पहुंच गया है, जिसकी ओपनिंग 15 फरवरी को होगी। अब तक 95 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है, जिसके पूरा होते ही लोगों को बार-बार बंद फाटक से राहत मिल सकेगी।

बिलासपुर से उसलापुर रेलवे स्टेशन के बीच चार रेल क्रासिंग तारबाहर, तिफरा, अमेरी और उसलापुर बनाए गए हैं, जिसमें से तारबाहर में रोड अंडरब्रिज, तिफरा में रोड ओवरब्रिज और उसलापुर रेलवे स्टेशन के पहले रोड ओवरब्रिज का निर्माण कर दिया गया है। अमेरी रेलवे क्रासिंग पर कई सालों से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गौरव पथ सेंट फ्रांसिस स्कूल से लेकर अमेरी की ओर जाने वाले मार्ग के बीच बने रेलवे फाटक से प्रतिदिन 25 हजार से अधिक लोग आना-जाना करते हैं, जिसमें बच्चों के साथ कार्यालयीन कर्मचारी-अधिकारी और ग्रामीणों की संख्या काफी अधिक है। अमेरी रेल क्रासिंग बिलासपुर से कटनी सेक्शन के बीच बने रेल लाइन की प्रमुख लाइन में से एक है, जहां से प्रतिदिन 150 से अधिक मालगाड़ियों के साथ कटनी की ओर जाने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन किया जाता है। प्रतिदिन एक घंटे में ट्रेन गुजरने का आंकड़ा 5 से 10 का होता है, जिसके कारण फाटक ज्यादातर बंद रहते हैं। लोगों की परेशानियों को देखते हुए कई सालों से एक रोड अंडरब्रिज बनाने की मांग की जा रही थी, इसके लिए जोन मुख्यालय की ओर से रेलवे बोर्ड को प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। इस प्रस्ताव के बाद रेलवे बोर्ड ने राज्य शासन की अनुशंसा के साथ 11 करोड़ 52 लाख रुपए में रोड अंडरब्रिज बनाने की स्वीकृति दे दी। करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले अंडरब्रिज का काम वर्ष 2022-23 में शुरु कर दिया गया था, जो वर्तमान में 95 फीसदी से अधिक पूरा हो गया है।



#### अमेरी अंडरब्रिज निर्माण कार्य

अमेरी अंडरब्रिज में चार मीटर चौड़ा और साढ़े चार मीटर ऊंचाई का बाक्स है। इस साइज का यह बाक्स दोनों ओर लगाया गया है, जिसके बीच में दीवार बनाई गई है। इस तरह अंडरब्रिज में एक ओर जाने का दूसरी ओर से आने का मार्ग रहेगा। यह सभी बाक्स 38 मीटर तक रहेंगे। मेन रोड तक एप्रोच रोड तक कुल मार्ग की लंबाई 272 मीटर होगी। अंडरब्रिज से टू व्हीलर के अलावा फोर व्हीलर व मेटाडोर गुजर सकेंगे। बारिश का पानी निकालने के लिए पंप लगाए गए हैं, ताकि आने-जाने वाले लोगों को परेशानी न हो सके।

#### स्कूली बच्चों को थी परेशानी

घुरु अमेरी से तिफरा तक शहर की आबादी का बड़ा हिस्सा इलाके में निवास करता है। सालों से अमेरी रेल क्रासिंग से गुजरना परेशानी का कारण बना है। फाटक जैसे ही खुलता है दो पहिया और चार पहिया वाहन के चालक हार्न बजाकर आगे बढ़ने कोशिश करते हैं। इससे काफी शोर होता है, जिसके कारण सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों और अस्पताल में भर्ती मरीजों को काफी परेशानी हो रही है।

#### रेलवे कर रही है पूरा काम

जानकारी के अनुसार वर्ष 2022-23 में रेलवे और मार्च 2023 में राज्य शासन की मंजूरी के बाद रोड अंडरब्रिज के लिए 11 करोड़ 52 लाख रुपए सेंक्शन किए गए। इसमें लोक निर्माण के सेतु विभाग को 5.76 करोड़ रुपए मंजूर हो चुके थे। सेतु विभाग को यह राशि रेलवे के पास जमा करना था, जिसके उपरांत रेलवे ने अंडरब्रिज का काम शुरु कर दिया। इस कार्य के लिए ड्राइंग और डिजाइन पूर्व में ही बना ली गई थी।

#### ओपनिंग की संभावना 15 को

अमेरी रेल क्रासिंग पर फाटक बंद के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी, जिसे देखते हुए अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया जा रहा है। यह कार्य लगभग पूरा हो चुका है। संबंधित विभाग की ओर से अंडरब्रिज की ओपनिंग 15 फरवरी को होने की संभावना है। इसके ओपन होने के बाद लोगों को भी राहत मिलेगी।

**-अनुराग कुमार सिंह**, सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

---

## उत्कृष्ट सेवाओं के लिए चीफ जस्टिस ने दिए प्रमाणपत्र

**बिलासपुर।** उच्च न्यायालय में गणतंत्र दिवस समारोह में उत्कृष्ट योगदान देने वाले अधिकारियों, सुरक्षा बलों एवं स्वयंसेवकों को सम्मानित किया गया।



इस अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में परेड एवं आयोजन से जुड़े दायित्वों का कु श ल ता पू र्व क निर्वहन करने वालों को प्रमाणपत्र एवं लेटर ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान किए गए।समारोह की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर ने की। मुख्य न्यायाधीश द्वारा उच्च न्यायालय सुरक्षा कंपनी के कंपनी कमाण्डर बाबूलाल सोनवानी, 13वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की कंपनी के कंपनी कमाण्डर बबीता कुमार नायक, 7वीं वाहिनी एनसीसी छत्तीसगढ़ तथा राष्ट्रीय सेवा योजना, अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय, बिलासपुर के अमन लहरे को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन एवं समन्वय में उल्लेखनीय भूमिका निभाने हेतु कैप्टन आशीष शर्मा, मनोज सिन्हा, संगीता साहू एवं धर्मेंद्र सिंह बैस को लेटर ऑफ एप्रिसिएशन प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई।

एजुकेशन प्लस

## एलसीआईटी में प्रोजेक्ट ट्रेनिंग वर्कशॉप का भव्य समापन



**बिलासपुर।** एलसीआईटी कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड साइंस में बीसीए के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विशेष 'प्रोजेक्ट ट्रेनिंग वर्कशॉप' का आज समापन हो गया। 8 जनवरी से 21 जनवरी तकचले इस सघन प्रशिक्षण सत्र में छात्रों ने आईटी उद्योग की बारीकियों को सीखा।

इस कार्यशाला का आयोजन आईटीफर्म के सहयोग से किया गया। समापन अवसर पर संस्थान की प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला ने कार्यक्रम की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया उन्होंने कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष अभिषेक केशरवानी के कुशल नेतृत्व और प्रयासों की विशेष रूप से सराहना की, जिनके मार्गदर्शन में इस महत्वपूर्ण कार्यशाला का खाका तैयार किया गया। समारोह के दौरान प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला ने रेसिलियंस सॉफ्टके निदेशक प्रतीक सलूजा का किया।उन्होंने श्री सलूजा को स्मृति चिन्हभेंट कर छात्रों को उच्चस्तरीय तकनीकी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ. अर्चना शुक्ला ने कहा यह वर्कशॉप हमारे छात्रों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें वास्तविक वर्किंग एनवायरमेंट के लिए तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। रेसिलियंससॉफ्ट के निदेशक प्रतीक सलूजा ने शुभकामनाएं दीं।

अभिषेक केशरवानी ने बताया कि कैसे इन 10 दिनों में छात्रों ने कोडिंग से लेकर फाइनल प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन तक का सफर तय किया।4 उत्कृष्ट छात्रों का चयन सीधे कंपनी में इंटरव्यू के लिए किया है। इन छात्रों को उनके द्वारा विकसित शानदार प्रोजेक्ट और तकनीकी समझ के आधार पर यह अवसर प्रदान किया गया है।

## शहरी स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण की दिशा में जनप्रतिनिधियों का उन्मुखीकरण




**बिलासपुर।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज नगरीय निकाय के जनप्रतिनिधियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन मोपका में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के उद्देश्य, प्रमुख रणनीतियाँ, शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की वर्तमान स्थिति, नगरीय निकायों की जिम्मेदारियाँ, मिशन के संचालन में आने वाली चुनौतियाँ तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही शहरी क्षेत्रों में नए स्वास्थ्य केन्द्रों की स्थापना करने भूमि एवं भवन की उपलब्धता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा की गई। कार्यशाला में महापौर पूजा विधानी, सभापति एवं एमआईसी सदस्य श्याम साहू सहित नगर निगम क्षेत्र के समस्त वार्डों के पार्षदों की सक्रिय सहभागिता रही। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल, डॉ. गायत्री बांधी, डॉ. रक्षित जोगी, डॉ. बी. के. वैष्णव, सुश्री प्यूली मजूमदार, डॉ. टारजन आदिले आदि उपस्थित रहे। कार्यशाला के माध्यम से जनप्रतिनिधियों को शहरी स्वास्थ्य मिशन से जुड़ी योजनाओं की गहन जानकारी प्रदान की गई।

## भारतीय दंत चिकित्सा संघ की नगर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन



**बिलासपुर।** भारतीय दंत चिकित्सा संघ बिलासपुर शाखा की नई कार्यकारिणी का गठन समारोह आयोजित किया गया। इसमें कर्नाटक से डॉ अरुण ने संबोधित किया । डॉ लक्ष्मीकांत कश्यप का अध्यक्षीय भाषण के पश्चात डॉ सौरभ शर्मा ने 2026 के अध्यक्ष, डॉ. अभिजीत सिंह गांधी ने सचिव और डॉ. विश्वजीत बैनर्जी ने कोषाध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों को डॉ सुदीप्तो दत्ता के द्वारा शपथ ग्रहण कराया । मुख्य अतिथि डॉ. विनोद तिवारी एवं विशिष्ट अतिथि डॉ अमित वास्ति के उदबोधन के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। सम्मान समारोह के पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । डॉ आशीष सोनी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में डॉ. राजा श्रीधर एवं डॉ राणा वर्गिस व अन्य गणमान्य अतिथियों ने शिरकत की। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आंचल एवं डॉ रविंद्र ने किया। इस अवसर पर डॉ अभय, डॉ अभिषेक, डॉ आनंद, डॉ गौरव, डॉ आशुतोष,डॉ भंडारी, डॉ प्रियंका, डॉ दिव्या,डॉ तृप्ति, डॉ दीप्ति, डॉ वैभव, डॉ तेजस्वी, डॉ पुरुषोत्तम के साथ कार्यकारिणी के अन्य सदस्य मौजूद थे।

## नाइसटेक में निःशुल्क गेट कोर्स के बाद प्लेसमेंट

**बिलासपुर।** युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नाइस टेक ग्रुप ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए निशुल्क गेट कोर्स की घोषणा की है। हाल ही में आयोजित व्यापार मेले के दौरान संस्थान द्वारा 123 छात्रों को ऑफर लेटर एवं अपॉइंटमेंट लेटर प्रदान किए गए।




वहीं जिन अभ्यर्थियों का चयन नहीं हो सका या जो अन्य इच्छुक युवा अपने करियर को मजबूत बनाना चाहते हैं, उनके लिए यह कोर्स एक सुनहरा अवसर है। यह 80 घंटे का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम मात्र 1 महीने में पूरा कराया जाएगा, जिसमें इंटरव्यू स्किल्स, प्रभावी कम्युनिकेशन, रिज्यूमे बिल्डिंग, प्रोफेशनल व्यवहार और जॉब रेडीनेस जैसे विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। कोर्स सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जो उनके प्रोफाइल को और अधिक प्रभावशाली बनाएंगे। इसके साथ ही प्रतिभागियों को स्टडी किट के रूप में पेन, कॉपी और टी-शर्ट भी निःशुल्क दी जाएगी। कोर्स पूरा होने के बाद 50% विद्यार्थियों को विभिन्न कंपनियों में इंटरव्यू का अवसर दिलाकर प्लेसमेंट सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। संस्थान के अनुसार, यह कोर्स उन युवाओं के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो अपनी रोजगार क्षमता बढ़ाना चाहते हैं और करियर की मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं।

अधिक जानकारी के लिए इच्छुक विद्यार्थी नाइस टेक कम्प्यूटर एजुकेशन ईदगाह चौक, बिलासपुर में संपर्क कर सकते हैं या 9302330671 पर कॉल कर विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

---

**मनरेगा, धान खरीदी व जमीन की गाइड लाइन मुद्दें को लेकर कांग्रेस ने निकाली मशाल रैली**

# ग्रामीणों से रोजगार का अधिकार छीन रही सरकार: उमेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाए जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका बोदरी में जिलास्तर पर मशाल यात्रा एवं जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भाग लिया।

गुरुवार शाम 7 बजे चकरभाठा के अचानकपुर चौक से हाथों में मशाल लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेसी नगर भ्रमण करते हुए झूलेलाल मंदिर के पास पहुंचे जो जन आक्रोश सभा के रूप में तब्दील हुई जहां कांग्रेसी नेताओं ने सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। सभा के दौरान पूर्व मंत्री उमेश पटेल केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर खूब बरसे उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मनरेगा की कानूनी गारंटी समाप्त कर ग्रामीणों से रोजगार का अधिकार छीन रही जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बुरा असर पड़ेगा। पूर्व जिलाध्यक्ष विजय केशरवानी ने कहा कि प्रदेश सरकार की लचर व्यवस्था के चलते लाखों किसानों का धान खरीदी नहीं हो सकी है जिसके कारण किसान अपना धान औने-पौने दाम पर बिचौलियों को बेचने मजबूर हैं।



मशाल रैली के दौरान पूर्व मंत्री उमेश पटेल का स्वागत करते कांग्रेस नेता।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री उमेश पटेल, विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, पूर्व विधायक सियाराम कौशिक, तिफरा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लक्ष्मीनाथ साहू, बिल्हा ब्लॉक अध्यक्ष गीतांजलि कौशिक, प्रमोद नायक, विवे बाजपेयी, मनहरण कौशिक, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजू किशन यादव, बिल्हा विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सुनील साहू, संत सर्वे, वसीम ख़ान, भास्कर वर्मा, राजेश साहू , दिवाकर दुबे सहित भारी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बिलासपुर, शनिवार 7 फरवरी 2026

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



एजुकेशन

## यूपीएससी इंडियन फॉरेस्ट सर्विस के लिए आवेदन शुरू

**बिलासपुर।** यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से भारतीय वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए नोटिफिकेशन जारी कर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया स्टार्ट कर दी गई है। जो भी अभ्यर्थी इस भर्ती परीक्षा की तैयारियों में लगे हैं, वे इसमें शामिल होने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि 24 फरवरी तक ऑनलाइन माध्यम से




ऑफिशियल पोर्टल पर जाकर आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। इस भर्ती में आवेदन के लिए पहले पर जाकर पहले वन टाइम रजिस्ट्रेशन कर करना होगा। ओटीआर होने के बाद अभ्यर्थी इस एग्जाम में शामिल होने के लिए अन्य जानकारी दर्ज करके आवेदन प्रक्रिया पूर्ण कर सकते हैं। आवेदन के साथ जनरल ओबीसी एवं ईडब्ल्यूएस वर्ग को फीस के रूप में 100 रुपए जमा करना होगा। एससी, एसटी, पीडब्ल्यूडी एवं महिला वर्ग से आने वाले उम्मीदवार निशुल्क आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस भर्ती के माध्यम से कुल 180 पदों पर नियुक्तियां की जाएंगी। इसमें से अनरिजर्व के लिए 33, ओबीसी के लिए 21, एससी के लिए 12, एसटी के लिए 6 और ईडब्ल्यूएस वर्ग के लिए 8 पद आरक्षित हैं। भर्ती के लिए चयन प्रीलिम, मेंस एवं इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। विस्तृत डिटेल के लिए उम्मीदवार ऑफिशियल नोटिफिकेशन का अवलोकन कर सकते हैं।

आयोजन

## लाल बिहारी ने लिया पत्रक भरकर देहदान का संकल्प



**बिलासपुर।** कालकर कुंज संघ कार्यालय में देहदान संकल्प पत्रक भरने का कार्यक्रम संपन्न हुआ। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष में समाज के लिए सार्थक संदेश देने के लिए अपने संघ प्रचारक लाल बिहारी सिंह, जिन्होंने कालकर कुंज से ही अपना प्रचारक जीवन प्रारंभ किये हैं, शुक्रवार को अपना देहदान संकल्प पत्र भरने का कार्य किया। देहदान के महत्व पर सर्वप्रथम शासकीय डॉ निलेश महोबिया ने बताया कि एनाटॉमी विषय का व्यवहारिक ज्ञान देह के अध्ययन से ही संभव है। कम्प्यूटर या स्क्रीन पर देखकर अनुभव प्राप्त नहीं किया जा सकता जो देह के वास्तविक अध्ययन से मिलता है। देहदान से योग्य चिकित्सक और उपयोगी शोध संभव हो पाता है। सहज मृत्यु प्राप्ति वाले व्यक्ति के परिवारजनों को अपने परिवार की सहमति पर सहज देहदान की प्रक्रिया अपनाने की बात उन्होंने रखी।

कार्यक्रम

## 7 संरक्षा प्रहरियों को मंडल रेल प्रबंधक ने किया सम्मानित



**बिलासपुर।** संरक्षित रेल परिचालन रेलवे प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से संरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु मंडल स्तर पर संरक्षा पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में ड्यूटी के दौरान सजगता एवं सतर्कता का परिचय देते हुए संभावित दुर्घटनाओं को टालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 7 संरक्षा प्रहरियों को सम्मानित किया गया। अकलतरा के गेटकीपर भूपेंद्र कुमार तथा बाराद्वार के यातायात सहायक जगदीश प्रसाद ने मालगाड़ियों में हॉट एक्सल की पहचान कर समय रहते सूचना देकर गाड़ियों की संरक्षा सुनिश्चित की। वहीं बिलासपुर के लोको पायलट मुकेश कुमार एवं सहायक लोको पायलट कुमार पल्लब तंबोली ने जांजगीर नैला स्टेशन पर सजगता दिखाते हुए ट्रेन का सुरक्षित संचालन सुनिश्चित किया।

रोज-डे

## वेलेंटाइन वीक गुलाब की मखमली पंखुड़ी से होगा स्टार्ट आज

**बिलासपुर।** मखमली पंखुड़ियों वाले अरेंजमेंट, हार्ट-शेप बॉक्स डिजाइन चुके सबसे ज्यादा लोकप्रिय है, जो कपल्स के जज्बात को आकर्षक तरीके से बयां करने और रिश्तों में महक बिखेरेंगे। ऐसे में वेलेंटाइन वीक और कपल्स की तैयारियां के अनुरूप बाजार सज



गया है। 7 फरवरी रोज-डे की सुबह की शुरूआत गुलाब से होगी यह वैलेंटाइन चौक की पहली सुबह गुलाबों की खुशबू के साथ शुरू होगी। इस दिन लोग अपने जज्बात गुलाब के जरिए बयां करेंगे। ऐसे में शहर के फुल दुकानों में लाल गुलाब की मांग बढ़ गई है। प्यार के लिए लाल गुलाब, तो पीला दोस्ती और सफेद गुलाब सम्मान के लिए खरीदे जाएंगे। इस तरह गुलाब की फुलों से रिश्ते को नाम देकर चेहरों पर मुस्कान बिखरेंगी। 8 फरवरी प्रपोज डे के लिए काफी शॉप रेस्टोरेंट्स और टूर स्पॉट करा रहे बुक दूसरा दिन प्रपोज डे है। इस दिन युवा दिल में लंबे समय से दबाकर रखी बात उस खास इंसान के सामने इजहार करेंगे और रिश्ते को एक नया नाम देंगे।

# श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर में ब्रह्मोत्सव पर पूजन व भंडारा





बिलासपुर। रेलवे क्षेत्र स्थित कोदंड रामालय और श्री कल्याण व्यंकटेश मंदिर में श्री बालाजी मंदिर में शुक्रवार को वार्षिक ब्रह्मोत्सव पूजा कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। ब्रह्मोत्सव की शुरुआत सुबह बालाजी की पूजा-अर्चना से हुई। यह वार्षिक ब्रह्मोत्सव पूजा कार्यक्रम प्रति वर्ष मघा बहुला पंचमी तिथि में श्री बालाजी भगवान की मूर्ती प्रतिष्ठा किया गया, यह पूजा प्रति वर्ष इस तिथि पर ही पंडितों के द्वारा सामूहिक बालाजी कल्याण हर्षोल्लास के साथ किया गया है। जिसमें महाप्रसाद,स्वरूप भंडारा मंदिर कमेटी के द्वारा किया गया। इस गरिमामय अवसर में महिला पुरुष एवं मंदिर कमेटी के अध्यक्ष आर वीरा स्वामी,कार्यकारी अध्यक्ष विपिन पटनायक, सचिव साईं भास्कर, कोषाअध्यक्ष धर्मा राव, शंकर राव,लंका श्रीनु, जी यस प्रकाश, प्रभाकर उपस्थिति रहे।

## श्री गजानन महाराज के जीवन चरित्र उनकी लीलाओं का वर्णन





**बिलासपुर।** श्री संत गजानन महाराज के प्रकट दिवस के उपलक्ष में आयोजित पांच दिवसीय उत्सव महाराष्ट्र मंडल के तत्वावधान में संगीतमय कथा वाचन कार्यक्रम अत्यंत भक्तिमय एवं श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कथा वाचक किशोर गलांडे व उनकी सुपुत्री सौ आसावरी गलांडे देशपांडे के द्वारा श्री गजानन महाराज के जीवन चरित्र, उनकी लीलाओं एवं उपदेशों को मधुर संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में नागपूर की प्रसिद्ध कलाकार श्री गुणवंत घटवई द्वारा स्वरीच पद्य रचनाओं की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे और सभी ने कथा वाचन का आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित करने की भावना व्यक्त की।

## विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान को पर्यावरण हितैषी बनाने की दी प्रेरणा

**बिलासपुर।** शासकीय ईआरआर स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग द्वारा दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय "ग्रीन केमिस्ट्री द्वारा सतत भविष्य रखा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एवं अन्य प्राध्यापकों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कुलपति ने अपने उद्बोधन में ग्रीन केमिस्ट्री के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं सतत विकास के लिए ग्रीन केमिस्ट्री की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक अनुसंधान को पर्यावरण हितैषी बनाने की प्रेरणा दी। इसके पश्चात कार्यशाला में विभिन्न विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। प्रमुख वक्ताओं में प्रोफेसर शैलेन्द्र यादव, डॉ धीरज सिंह चौहान तथा डॉ भावना जैन शामिल रहे। वक्ताओं ने ग्रीन केमिस्ट्री के 12 सिद्धांतों, बायोप्लास्टिक, पर्यावरण अनुकूल रसायनों तथा प्रदूषण रहित तकनीकों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में विद्यार्थियों को यह




राघवेन्द्रराव विज्ञान महाविद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला



बताया गया कि किस प्रकार रसायन विज्ञान के माध्यम से प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण किया जा सकता है तथा हानिकारक रसायनों के स्थान पर सुरक्षित एवं जैव अपघटनीय पदार्थों का उपयोग किया जा सकता है। बायोप्लास्टिक के महत्व और उसके भविष्य की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने कार्यशाला को ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया।

इस प्रकार यह कार्यशाला विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने एवं ग्रीन केमिस्ट्री को व्यवहार में अपनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई।

## सच्ची मित्रता में वैभव नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण सर्वोपरि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





टिकरापारा तारबाहर चौक में संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को सुदामा चरित्र एवं राजा परीक्षित मोक्ष की कथा का भावपूर्ण वर्णन आचार्य राजेंद्र द्वारा किया गया। कथा व्यास आचार्य राजेंद्र ने संगीतमय शैली में प्रसंग प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भक्ति, मित्रता, त्याग और वैराग्य के गूढ़ अर्थों से परिचित कराया। कथा में सुदामा-श्रीकृष्ण की मित्रता के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि सच्ची मित्रता में वैभव नहीं, बल्कि प्रेम और समर्पण सर्वोपरि होता है। वहीं राजा परीक्षित के मोक्ष प्रसंग में मानव जीवन की नश्वरता, सत्संग की महिमा और ईश्वर-स्मरण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। कथा के दौरान भजनों और कीर्तन से पूरा पंडाल भक्तिरस में सराबोर हो गया। यह आयोजन स्व. गीता देवी यादव की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। संचालन कन्हैया लाल यादव, सतीश यादव, तोषी यादव, मनीष यादव, रश्मि यादव, शारदा यादव, जय कुमार यादव, रामचन्द्र यादवद्वारा किया जा रहा है। आयोजन में डाक्टर कालीचरण यादव, मीनू सुमंत यादव, हेमंत यादव, प्रदीप यादव, योगेंद्र यादव व नंदकुमार यादव,गरीबा यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

स्पोर्ट्स न्यूज

## रेलवे विभागीय खेल में इलेक्ट्रिकल विभाग जीता

**बिलासपुर।** रेलवे नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में अंतर विभागीय खेल के आयोजन में फुटबाल के मुकाबले में इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम अपने मैच जीतकर अगले राउंड में प्रवेश कर ली है। रेलवे एनईआई के तत्वाधान में अंतर विभागीय खेल महोत्सव का दुधिया रोशनी में आयोजन नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट में किया जा रहा है।



इस खेल महोत्सव में फुटबॉल, शतरंज, वालीबॉल, बास्केटबॉल, कैरम, तैराकी, बेडमिंटन, एथेलेटिक्स और टेबल टेनिस खेलों का पुरूष और महिला दोनों वर्गों में आयोजन 5 से 15 फरवरी के मध्य हो रहा है। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि वरिष्ठ मंडल खेल अधिकारी और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि रंजन कुमार रुखैयार कार्यकारी अध्यक्ष, नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट बिलासपुर एवं सहायक कार्मिक अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल एवं अतिथि भास्कर गुहा सहायक कार्मिक अधिकारी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल एवं पूर्व खिलाडी उपस्थिति थें। पहले दिन फुटबॉल का प्रथम मैच इलेक्ट्रिकल विभाग और मेकेनिकल विभाग के मध्य खेला गया। इलेक्ट्रिकल विभाग की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। यह मैच इलेक्ट्रिकल विभाग ने 1- 0 के स्कोर से जीत लिया। मैच में इलेक्ट्रिकल विभाग के सतीश मुंडा ने 1 मात्र गोल किया और मैच के मैन आफ द मैच बने। दूसरा मैच इंजीनियरिंग विभाग एवं परिचालन विभाग के मध्य खेला गया। इंजीनियरिंग विभाग ने यह मैच 1-0 से जीत लिया। मैच में इंजीनियरिंग विभाग के सुदर्शन प्रमाणिक ने शानदार 1 गोल किया। सुदर्शन प्रमाणिक को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। इस दौरान निर्णायक दिनेश कुमार, एडमन सत्तूर, मुकेश, सलीम सहित नार्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट, के उपाध्यक्ष अमरनाथ सिंह, सचिव सी नवीन कुमार, सहसचिव संजय कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष बी अनिल कुमार, सह-कोषाध्यक्ष श्रीकांत पाढी, मीडिया प्रभारी हेमंत सिंह परिहार, टूर्नामेंट सचिव दीपक कुमार सुब्बा, टुर्नामेंट सहसचिव दीपक राजा गुरुंग, आउटडोर इंचार्ज टी सम्मुख राव, इनडोर इंचार्ज डी मुरलीधर तथा लाइब्रेरी इंचार्ज श्रीराम यादव उपस्थित रहें।

## सॉफ्टबॉल में छत्तीसगढ़ की टीम पहुंची फाइनल

स्कूल नेशनल गेम्स के साफ्टबाल में मेजबान छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शन के आधार पर अपने-अपने मैच जीतकर बालक और बालिका वर्ग की दोनों टीम फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है। स्कूल गेम्स फेडरेशन आफ इंडिया के आदेश पर सभी राज्यों में नेशनल स्कूल गेम्स का आयोजन शुरु कर दिया गया है। इसके तहत एसजीएफआई ने छत्तीसगढ़ प्रदेंश को भी अलग-अलग नेशनल गेम्स कराने की जिम्मेदारी दी है। इस आदेश के बाद लोक



शिक्षण संचालनालय और जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग के तत्वावधान में 4 से 8 फरवरी तक 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के तहत साफ्टबॉल अंडर 17 बालक-बालिका का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में मेजबाल छत्तीसगढ़ बिलासपुर के अलावा 576 से अधिक बालक-बालिका खिलाड़ी और 200 कोच, आफिशियल्स हिस्सा ले रहे हैं।

## खेल के साथ सामाजिक एकता का संदेश

कृष्ण सेना यादव समाज, बिलासपुर द्वारा आयोजित 'यादव प्रीमियर लीग' रात्रिकालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम वर्ष के दूसरे दिन, खेल और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला। अतिथियों का आगमन और उत्साहवर्धन कार्यक्रम के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष भुवनेश्वर यादव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर यादव ने अपनी गरिमामयी



उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष वैभव गुप्ता एवं ऋषभ चतुर्वेदी ने की। अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए इस आयोजन को सामाजिक एकजुटता और युवाओं को मंच प्रदान करने वाला एक सराहनीय प्रयास बताया। समिति में शैलेंद्र यादव, शरद यादव, छोटू यादव, दीपक यादव, विक्की यादव, रंजीत यादव, आशीष यादव, देवेंद्र यादव एवं पुकार यादव सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं।

## खबर संक्षेप

### कलश यात्रा के साथ अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ



**लगरा।** भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार को बजरंग चौक पर अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा बजरंग चौक से चांदनी चौक होते हुए खारंग नदी से जल लेकर श्रीराम-जानकी मंदिर, यादव मोहल्ला, श्रीवास मोहल्ला होते हुए वापस बजरंग चौक रामायण स्थल पर संपन्न हुई। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात रामायण गायन का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से भंडारे की व्यवस्था की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### बच्चों को दी गई नशे से दूर रहने की सलाह



**मल्हार।** शुक्रवार को बद्री प्रसाद देवांगन मध्य नगरीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मल्हार में नशामुक्ति अभियान चलाया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों को नशीली सामग्रियों दूर रखने के उपायों की जानकारी दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के काउंसलर मित्राणि चौधरी ने अपनी टीम के साथ बच्चों को धूम्रपान के दुष्परिणाम की जानकारी दी। साथ ही अच्छे लेखन के लिए बच्चों को प्रमाण पत्र भी वितरण किए गए। प्रभारी प्राचार्य गोकुल प्रसाद पाटले ने बच्चों से धूम्रपान व किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने अपील की। इस मौके पर विद्यालय के सभी शिक्षक स्टाफ उपस्थित रहे।

### मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 14 रोगियों का इलाज



**मुंगेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया में निशुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला नोडल अधिकारी व प्रभारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम मनोचिकित्सा अधिकारी डॉ संजय ओबेरॉय, सोशल वर्कर विश्वनाथ चंद्राकर एवं नर्स रूपाली मसीह द्वारा मानसिक रोगियों को उचित परामर्श प्रदान करते हुए आवश्यक दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में 14 मानसिक रोगियों सहित 32 मरीजों का इलाज किया गया। चिकित्सकों द्वारा मानसिक तनाव, अवसाद, चिंता, अनिद्रा सहित अन्य मानसिक रोगों की जांच की गई। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए बताया गया कि, जिला चिकित्सालय मुंगेली के मानसिक रोग विभाग के स्पर्श क्लिनिक में निशुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

### एकलव्य विद्यालय में 6वीं प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**मुंगेली।** पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 फरवरी निर्धारित है। एकलव्य विद्यालय जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए पूर्णतः निशुल्क एवं अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित है, जिसमें अलग-अलग राज्यों के प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा अध्ययन करवाया जाता है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट परिणाम देने के साथ खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है। भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय नई दिल्ली के अंतर्गत राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति द्वारा जारी दिशा–निर्देशों के अनुसार यह प्रवेश प्रक्रिया संचालित की जा रही है।

### मस्तूरी से चार युवक बालको बेला कछार जा रहे थे शादी में शामिल होने

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर गिरी खाई में, दो युवकों की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मस्तुरी







क्षेत्र में रहने वाले चार युवक कार में सवार होकर कोरबा जिले के बालको बेला कछार बारात जाने के लिए निकले थे रात को उनकी तेज रफ्तार कर उरगा टोल प्लाजा भारतमाला सड़क पर अनियंत्रित हो गई और सीधे खाई में गिर गई। दुर्घटना में कार के परखच्चे उड़ गए।,इस हादसे में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बिलासपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

■ उरगा थाना क्षेत्र के भारत माला टोल प्लाजा के समीप हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार ग्राम किरारी निवासी राहुल राय 30 वर्ष पिता कन्हैयालाल राय, मस्तूरी निवासी ढोलू अग्रवाल 38 वर्ष पिता स्वर्गीय गजपद अग्रवाल, विराट अग्रवाल और भोलाराम नामक चार युवक शादी समारोह में शामिल होने कार क्रमांक सीजी 10 बीएफ 9922 में सवार होकर मस्तूरी से कोरबा के बालको थाना क्षेत्र के ग्राम बेला कछार बारात जाने के लिए निकले थे । बताया जाता है कि चारों युवक कर में सवार होकर भारतमाला सड़क से आ रहे थे। गुरुवार की देर रात लगभग 10 बजे के आसपास उरर्गा थाना क्षेत्र अंतर्गत परगट टोल प्लाजा के समीप पहुंचे थे कि उनकी तेज रफ्तार कार सीधे खाई पर जा गिरी। इस सड़क हादसे में कार की परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से कार में सवार चारों युवकों को बाहर निकला गया और उन्हें उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत राहुल राय व ढोलू अग्रवाल को मृत घोषित कर दिया जबकि विराट और भोला राम नामक युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

पुलिस ने मामले में राहुल राय और ढोलू अग्रवाल के शव को वैधानिक कार्यवाही के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और दुर्घटना को अंजाम देने वाले कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

#### शादी की खुशी मातम में तब्दील

मस्तूरी क्षेत्र में रहने वाले चारों युवक कार में सवार होकर बारात जाने के लिए निकले थे । वही उनके अन्य साथी व परिजन बालको के बेला पहुंच चुके थे। जबकि वे चारों पीछे से आ रहे थे कि इस बीच रास्ते में दुर्घटना के शिकार हो गए और एक साथ दो दोस्तों की मौके पर मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की सूचना मिलते ही शादी की खुशी मातम में तब्दील हो गई।



## भक्ति और समर्पण से मिलती है परमात्मा की कृपाः पं. शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरगांव से लगे ग्राम बदरा मे जय शनिदेव युवा समिति एवं समस्त ग्राम वासियों द्वारा 8 दिवसीय शिवमहापुराण कथा का आयोजन किया गया गया है।

कथा वाचक पंडित राधे श्याम शास्त्री ने चौथे दिन की कथा में कहा, भगवद प्राप्ति मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य है और इसके लिए अंतःकरण की शुद्धि अनिवार्य है। जब मनुष्य अपने मन, वचन और कर्म से शुद्ध हो जाता है, तब परमात्मा की कृपा सहज ही प्राप्त होती है। पं शास्त्री ने कहा, भगवद प्राप्ति के मार्ग में धैर्य रखना अत्यन्त आवश्यक है, क्योंकि यह मार्ग साधना और तपस्या से ही प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा, भगवत प्राप्ति के अनेक साधन है।सुबह 8 बजे से दैनिक पूजन, पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक पूजन पंडित चंद्र प्रकाश पांडेय व सहयोगी राहुल तिवारी देवेंद्र पांडेय ने संपन्न किया। इस दौरान जय शनिदेव युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी शामिल हुए।

मुख्य यजमान मोतीराम साहू, राधिका साहू ने ग्राम वासियों की शांति और खुशहाली की कामना की। 8 फरवरी को चढ़ोत्री, हवन, सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोजन, महाप्रसाद, भंडारा, आयोजन संपन्न होगा।

### सुकुलकारी में विशाल हिन्दू सम्मेलन



मल्हार। हिन्दू समाज को एकजुट करने तथा सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सुकुलकारी मंडल के तत्वावधान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का सफल आयोजन शुक्रवार को परस उच्च माध्यमिक विद्यालय में किया गया। सम्मेलन में समाज के सभी वर्गों युवा, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजनों की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विभाग विचार प्रमुख बिलासपुर अजय सूर्यवंशी ने हिन्दू समाज की एकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की भूमिका पर प्रेरणादायी विचार व्यक्त किए। उनके ओजस्वी उद्बोधन को उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना और सराहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से विनोद शुक्ल, लोकनाथ बंजारे, दिलीप पांडे, हेमंत सोनू तिवारी, रामनारायण भारद्वाज, हेमंत साहू, रितेश साहू, दीपक यादव, विजय पटेल, पूरन सिंह ठाकुर, भगवती शर्मा, ममता चौहान, सरस्वती यादव, राजकुमारी यादव, बब्बिजबाई यादव सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में मंडल के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का सराहनीय योगदान रहा।

### कर्म और चरित्र के प्रभाव से मिलते हैं प्रभु श्रीरामः रामस्वरूपाचार्य



**पथरिया।** ग्राम पंचायत जोता में लगातार 19वें वर्ष श्रीराम चरित मानस परायण महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के पहले दिन जल यात्रा, दशविधिस्नान संकल्प, पंचांग पूजन मण्डल प्रवेश एवं महायज्ञ की अग्नि स्थापना की गई। दूसरे दिवस से लगातार अनेक संत, कथाकारों, आचार्यो द्वारा क्षेत्रवासी कथा सुन रहे हैं। जोता में इस मानस परायण महायज्ञ से धार्मिक वातावरण बना है। दूर दूर से श्रोता पहुंच यहां रहे हैं।

प्रवचनकर्ता के रूप में कामतानाथ पीठाधीश्वर प्रमुख चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश के रामानंदाचार्य स्वामी रामस्वरूपाचार्य महाराज ने तृतीय दिवस श्रोताओं ने राम कथा का श्रवण कराया। उन्होंने बताया कि कर्म और चरित्र के प्रभाव से राम के दर्शन और प्रभु श्रीराम भी मिल जाते हैं। जैसे जटायु राज को श्री राम जी मिले। उन्होंने धर्म व राष्ट्र के लिए सदैव समर्पण करने का आग्रह किया। जो इंसान श्रीराम को अपना आदर्श मानकर चलते है उनकी नैया का सदैव प्रभु ध्यान रखते हैं। आयोजक व यजमान मुंगेली जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा ने बताया कि ग्रामवासियों और क्षेत्रवासियों के सहयोग से प्रतिवर्ष यह धार्मिक आयोजन किया जाता है। गांव में संतों के चरण पड़ने से आध्यत्मिक सुख के साथ सामाजिक एकजुटता और सनातन धर्म को प्रसार प्रचार हो रहा है।

#### प्रयागराज के संतों का होगा आगमन

इस आयोजन में विद्वान संतों का आगमन होगा। इनमें दक्षिण कौशल पीठ छग के स्वामी राजीवलोचनाचार्य महाराज, आचार्य पं. प्रकाश तिवारी धनौरा जिला बेमेतरा, आचार्य पंडित अनूप शास्त्री चित्रकूट धाम उत्तरप्रदेश, साध्वी अमृता, प्रयागराज व रामरूपदास महात्यागी महाराज मदकूद्वीप छत्तीसगढ़ से शामिल हैं।

### ग्रामीणों को दी गई वीबीजी-रामजी की जानकारी




लोरमी। भाजपा मंडल डिंडोरी के नवागांव दयाली में प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा के आह्वान पर जन चौपाल लगाकर लोगों को विकसित भारत ग्रामीण योजना के बारे में जानकारी प्रदान की गई। जन चौपाल में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने योजना की विस्तृत जानकारी जनता तक पहुंचाई। गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री विनय साहू, प्रदेश प्रतिनिधि धनीराम यादव, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा महाजन जायसवाल, जनपद उपाध्यक्ष राजेंद्र साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र साहू, महामंत्री माधव तिवारी, जन्मेजय जायसवाल, जनपद सभापति बेदराम साहू, विनोद यादव, रघुवीर साहू, प्रहलाद यादव, राजाराम साहू, कमल साहू, लोमश यादव, संतराम मरावी, दिनु पटेल, पप्पू ध्रुव, सरपंच प्रेमलता पीताम्बर बर्मन, सिराती साहू, हरिशंकर साहू, छोटू यादव, छेदी राम, नेताम, चित्रेखा, शारदा, पूर्णिमा मार्को, भगवती यादव, सरस्वती ध्रुव, पार्वती, गीता बाई, अमृत लहरे, उमेश पात्रे, धर्मेंद्र यादव, जग्गू ध्रुव, राजू रजक एवं कार्यकर्ता बंधु एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिले के 21 विद्यार्थियों ने किया विशाखापट्टनम का शैक्षणिक भ्रमण



**मुंगेली।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिले के चयनित 21 विद्यार्थियों को विशाखापट्टनम का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में इस शैक्षणिक यात्र के माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा शिक्षण के साथ–साथ व्यवहारिक ज्ञान, वैज्ञानिक सोच तथा नवाचार की समझ से जोड़ना है।

जिला शिक्षा अधिकारी एलपी डाहिरे ने बताया कि 3 फरवरी से 7 फरवरी तक आयोजित इस भ्रमण में विद्यार्थियों ने विशाखापट्टनम के प्रमुख शैक्षणिक, वैज्ञानिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थलों का अवलोकन किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्यार्थियों ने पहले दिन मुंगेली से प्रस्थान कर रेल मार्ग से विशाखापट्टनम की यात्रा की। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने सबमरिन म्यूजियम, एयरक्राफ्ट म्यूजियम, आरके बीच, थोटलकोंडा, नेचुरल आर्च बीच, ऋषिकोंडा बीच, शिप व्यू प्वाइंट, कैलाशगिरी, टेनेटी पार्क, एयरक्राफ्ट म्यूजियम, मत्स्य दर्शिनी व फिल्म स्टूडिओ जैसे स्थलों का भ्रमण किया। इन स्थलों के अवलोकन से विद्यार्थियों को विज्ञान, पर्यावरण संरक्षण, समुद्री जीवन, इतिहास तथा तकनीकी विकास की प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त हुई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों की सुरक्षा, आवास, भोजन एवं अनुशासन की समुचित व्यवस्था की गई। प्रत्येक चरण में नोडल शिक्षक एवं मार्गदर्शक शिक्षकों ने विद्यार्थियों का सतत मार्गदर्शन किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने समूह में कार्य करना, समय प्रबंधन एवं सामाजिक व्यवहार जैसे जीवनोपयोगी गुण भी सीखे। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस अवसर पर कहा कि, ऐसे शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सवांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनमें नवाचार, जिज्ञासा व आत्मविश्वास पैदा करते हैं।

### आत्मानंद इंग्लिश स्कूल का वार्षिक उत्सव संपन्न

**पेंड्रा।** नगर स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद पेंड्रा के अध्यक्ष राकेश जालान उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में पूर्व पार्षद राकेश चतुर्वेदी, डाइट के प्राचार्य तथा कृषि विभाग के पूर्व एसडीओ मौजूद रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। नृत्य, गीत और नाट्य मंचन के माध्यम से बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रभावी प्रदर्शन किया, जिसे दर्शकों और अभिभावकों ने सराहा। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा उज्ज्वल भविष्य की नींव है और ऐसे आयोजनों से बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा मिलता है। समारोह के दौरान शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



## स्वयं सिद्धा फाउंडेशन ने बच्चों को बांटी आवश्यक सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



शासकीय प्राथमिक शाला देवांगन पारा तखतपुर में स्वयं सिद्धा फाउंडेशन बिलासपुर की ओर से बच्चों को सामग्रियां वितरित की गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नपा अध्यक्ष पूजा आत्मजीत सिंह मक्कड़ व विशिष्ट अतिथि के तौर पर स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा मौजूद रहे। साथ ही कार्यक्रम में नवीन चंद्र दुबे संयोजक स्वयं सिद्धा फाउंडेशन एवं पार्षद चंद्र प्रकाश देवांगन, पार्षद परमजीत कौर हुरा, जसप्रीत रमन हुरा उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शाला के सभी बच्चों को स्वेटर वॉटर बॉटल एवं जूते वितरित किए गए, साथ ही शाला को एक बड़ी अलमारी भेंट की गई। इस पर शाला परिवार ने धन्यवाद प्रेषित किया। चंचल सलूजा ने बच्चों को आवश्यकता अनुसार वस्तुएं वितरित करते हुए कहा कि, मुझे बड़ी खुशी होती है, जब हमारी संस्था की ओर से बच्चों को उसकी उनकी आवश्यकता की वस्तुएं प्रदान की जाती है। मुख्य अतिथि पूजा आत्मजीत मक्कड़ ने कहा कि, बड़े काम तो होते ही रहते हैं, किंतु शाला के बच्चों की छोटी-छोटी जरूरतों पूरा कर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना ही हमारे इस प्रयास का सार्थक परिणाम है। कार्यक्रम का संचालन युसूफ अली, भारमल एवं आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक राकेश शर्मा ने किया गया।

### आत्मानंद दाऊपारा में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम

# पीएम के संबोधन ने बढ़ाया बच्चों का मनोबल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली



पीएमश्री आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा के मण्डल परीक्षा के परीक्षार्थियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चर्चित कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' के 9वें संस्करण का आयोजन किया गया।

शाला ग्रंथालय में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रोजेक्टर स्क्रीन के माध्यम से प्रधानमंत्री के अंग्रेजी एवं हिंदी दोनों माध्यम के कक्षा 10वीं एवं 12वीं के 172 विद्यार्थियों को प्रसारित कार्यक्रम को सीधा प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण बातें साझा कीं, उन्होंने कहा कि परीक्षा कोई जीवन-मरण का खेल नहीं है, इसे त्योहार की तरह मनाएं। गैजेट्स और सोशल मीडिया के दौर में 'डिजिटल फास्टिंग' के महत्व पर जोर दिया। अभिभावकों को सलाह दी कि, वे अपने बच्चों की तुलना दूसरों से न करें, क्योंकि हर बच्चे की अपनी विशिष्ट क्षमता होती है। कार्यक्रम में उपस्थित डीईओ एलपी डाहिरे ने प्रसारण पश्चात विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि, प्रधानमंत्री का यह संवाद बच्चों के मनोबल को बढ़ाने वाला है। परीक्षा के समय घबराने के बजाय अपनी तैयारी पर ध्यान केंद्रित करें। साथ ही एक अच्छे शिक्षाविद, वकील, डॉक्टर, इंजीनियर, क्रिकेटर बनने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष रामशरण यादव ने कहा कि, प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम बच्चों के साथ-साथ पालकों के लिए भी एक मार्गदर्शन है। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य डॉ आईपी यादव, एसमएमडीसी सदस्य दुष्यंत दुबे, ममता पाटले व्याख्याता पंकज मिश्रा, सांत्वना दत्ता, राहुल वर्मा, हरिशंकर गुप्ता, पुष्पांजली कोशले, संध्या कुजूर, शबनम बानों, राकेश साहू सहित हाई एवं हायर सेकेण्डरी विभाग के बोर्ड कक्षाओं के विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/अति.तह./वाचक/2026
बिलासपुर, दिनांक 4/2/2026
रा.प्र.क्र........./अ-6/2025-26
ग्राम-मंगला, प.ह.नं.-32

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम मंगला, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा मंगला, प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. सरकण्डा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 95/3 रकबा 1.2140 हेक्टेयर को आवेदक डॉ. गीता त्रिपाठी पति श्री राजेन्द्र कुमार त्रिपाठी निवासी रोव हाऊस, आर.एच.-ए 34 ए.डब्ल्यू.एच.ओ. धारा इन्क्लेव, प्लाट नं.-6 सेक्टर-9 नेरूल, नवी मुम्बई (महाराष्ट्र) हाल मुकाम बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) एवं 01 अन्य द्वारा इस न्यायालय में छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने से वसीयतनामा के आधार पर वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति/ दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 23/2/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 4/2/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

अतिरिक्त तहसीलदार,
बिलासपुर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर
मामले की श्रेणी : राजस्व

संदर्भ:- जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00046 सेंदरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- CT202526400105900048

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00046 के अंतर्गत ग्राम सेंदरी के वर्तमान भूमिस्वामी अमरौतिन बाई, सुकवारा बाई पिता/पति-महाबली पता-जयराम नगर बिलासपुर, कुवारा बाई पति अमरदास, सोनिया मनहर पिता हितेन्द्र, उत्तरा कुमार पिता/पति-अमरदास पता-जयराम नगर बिलासपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 336(0.0240) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता सोनिया पिता/पति-हितेंद्र पता-कोटमी सोनार उत्तरा पिता/पति-स्व. अमर दास पता-कोटमी सोनार, सखाराम, सतवंतीन पिता/पति-तुलाराम पता-कोटमी सोनार के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19/02/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/01/2026 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार
AKASH GUPTA
बिलासपुर

कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजना सैदा सकरी निर्मित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-06 श्री शीतल अग्रवाल, पिता- श्री रामधनी अग्रवाल, मूल आबंटी को आबंटित हैं। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय विलेख दिनांक 06.12.2012 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन प्रथम क्रेता श्री हर्ष गुप्ता पिता श्री अमित गुप्ता को विक्रय करना चाहते हैं। उक्त भवन का विक्रय अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-बिलासपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ./अ-6-अ/2025-26
ग्राम उसलापुर तहसील - सकरी,
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है आवेदक सीताराम वर्मा पिता बखरिया, निवासी ग्राम उस्लापुर के द्वारा ग्राम उस्लापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 209/1/ङ वर्तमान ऑनलाईन अभिलेख में प्रदर्शित नहीं हो रहा है जो कि त्रुटिपूर्ण है जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 115 के अधीन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/2/26 तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

आज दिनांक 5/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार सकरी

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त


मा.श्री तोखन साहू
केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार
मा.श्री अरुण साव
उप मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा. श्री आलोक सिंह ठाकुर
प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
मा.श्री राकेश तिवारी
महामंत्री भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
मा.श्रीमती भारती नीरज माली
जिला पंचायत सदस्य बिलासपुर
मा.श्री लवकेश पैकरा
जिला पंचायत सदस्य सूरजपुर
मा.श्री राकेश साहू
जिला अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मुंगेली
ईश्वर पैकरा (पप्पू भैया)
अंकित सुतरिया
निलेश सिंह राजपूत
बीजेपी युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष बिलासपुर
पंकज सिंह राजपूत
बीजेपी युवा मोर्चा, मुंगेली
श्री रामसेवक पैकरा जी
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
मा. श्री रामसेवक पैकरा जी
अध्यक्ष वन विकास निगम छ.ग. शासन
(केबिनेट मंत्री दर्जा)
पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भाजपा छ.ग.
पूर्व गृह मंत्री छ.ग.
नारायण सिंह राजपूत
कोषाध्यक्ष सरपंच संघ ज.पं. लोरमी
प्रदेश सह प्रभारी (स) भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
विनीत : नारायण सिंह राजपूत सह प्रभारी (स) भाजपा किसान मोर्चा छ.ग.
कोषाध्यक्ष : सरपंच संघ जनपद पंचायत लोरमी, मुंगेली, छ.ग.
-संकलनकर्ता- पी.भारती बेनेट
हरिभूमि प्रतिनिधि
जरहागांव, लालपुर (मुंगेली)
मो. 7389105897

## खबर संक्षेप

### नशेड़ी ने महिला को मारा, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** सरेराह सुनसान पाकर महिला के गले में झपटामार कर घायल करने वाले युवकों की तलाश में तोरवा पुलिस जुट गई है। सीसीटीवी फुटेज में युवकों की पहचान की जा रही है, पुलिस के अनुसार जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी। बताया जा रहा है कि शंकर नगर निवासी ज्योति सिंह उम्र 48 वर्ष गुरूवार की शाम शंकर नगर नकटी भवानी मंदिर के पास अपनी स्कूटी से जा रही थी, शाम 6 बजे स्कूटी सवार दो अज्ञात व्यक्ति सामने से आते हुए झपटमारी के नियत से गले की ओर बढ़े, इस दौरान हाथ बढ़ाते हुए उन्होंने महिला के कंधे में वार कर दिया है, जिससे महिला को हल्की चोट आई है। मामले में महिला ने तोरवा थाना में अपराध दर्ज कराया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से आरोपियों की पतासाजी कर रही है। बताया जा रहा है कि युवक नशे की हालत में झपटमारी की नियत से घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का दावा किया है।

### नाबालिग से रेप आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग लड़की को अपहरण कर रेप करने के मामले में चकरभाठा पुलिस ने आरोपी युवक को रायपुर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार नाबालिग के परिजनों ने 11 दिसंबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा उनकी बेटी का अपहरण कर लिया गया है। चकरभाठा थाना में रिपोर्ट होने के बाद पुलिस ने पतासाजी शुरू की। इस दौरान पुलिस को पता चला कि आरोपी युवक नाबालिग लड़की के साथ रायपुर में रह रहा है। पुलिस ने टीम भेजकर इंद्रपुरी हिर्री माइंस निवासी विक्की डहरिया पिता तीतऊ राम डहरिया उम्र 23 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया गया है। जांच में पाया गया है कि आरोपी ने नाबालिग के साथ शरीरिक संबंध बनाया है। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

### पुराने ड्राइवर ने घर पर की चोरी, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** घर का दरवाजा अंदर से बंद कर चोरी कर रहे ड्राइवर को रंगे हाथ पकड़ लिया गया है। घर मालिक ने ड्राइवर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले के अनुसार मुक्तिधाम के पास पूजा पार्क में रहने वाले डॉ. शशि मिश्रा लाइफ केयर हास्पिटल में डाक्टर है। 5 फरवरी को घर में ताला लगाकर ड्यूटी पर चले गए। इस दौरान उन्होंने चाबी पास के दराज में डाल दी। इस बात की जानकारी उनके पूर्व ड्राइवर को थी। उसके जाते ही ड्राइवर विपिन मसीह चोरी की नियत से घर में घुस गया और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। उनकी पत्नि प्रिया मिश्रा 3.30 बजे घर पहुंची तो घर अंदर से बंद था। उसने इसकी जानकारी पति को दी, और गार्ड की मदद से घर का दरवाजा खोला गया। इस दौरान ड्राइवर विपिन मसीह चोरी करता पाया गया। घर में रखे पर्स से 9 हजार रूपए नहीं मिलने पर संदेही विपिन मसीह को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई। आरोपी ड्राइवर ने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल कर लिया है। पुलिस ने मामले में शैलेन्द्र नगर निवासी 52 वर्षीय बिपिन मसीह पिता विरेन्द्र मसीह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**सूचना मिलते ही विभाग ने किया अलर्ट** | **बाघिन का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर वन विभाग को किया शेयर**

# अमरकंटक जलेश्वर पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर विचरण कर रही बाघिन

**बिलासपुर।** अमरकंटक से पेण्ड्रा के बीच जलेश्वर मार्ग पर एक बाघिन पिछले कई दिनों से खुलेआम सड़क पर विचरण कर रही है। इस बाघिन का वीडियो एक राहगीर ने बनाकर वन विभाग को शेयर किया, जिसकी सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम को अलर्ट रहने का आदेश जारी कर दिया गया है।

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही वन विभाग के अंतर्गत अमरकंटक से जलेश्वर पेण्ड्रा मुख्य मार्ग पर मादा बाघिन की मौजूदगी से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। अमरकंटक से पेण्ड्रा लौट रहे पेण्ड्रा निवासी शिक्षक दंपत्ति ने जलेश्वर से घाट उतरते समय मार्ग पर सड़क पार करती बाघिन का वीडियो अपनी कार से बनाया, जो सोशल वीडियो में वायरल हो गया है। कार की हैडलाइट पड़ते ही बाघिन सड़क पार करने का प्रयास करती नजर आई। वीडियो में एक सियार भी आसपास घूमते और आवाज करते हुए दिखाई दे रहा है। बाघिन जंगल की ओर जाना चाह रही थी, लेकिन





सड़क किनारे वन विभाग की ओर से लगाए गए कांटेदार तार के कारण वह कुछ देर इधर-उधर घूमते रही, जिसके बाद उसने छलांग लगाकर तार पार किया और जंगल की ओर चली गई। पिछले कई दिनों से इस मार्ग पर बाघिन के मूवमेंट के कारण गुजरने वाले लोगों में सतर्कता बढ़ गई है। छह माह पहले इसी क्षेत्र में एक मादा बाघिन ने कइ मवेशियों का शिकार किया था, जिससे ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल बना हुआ है। विभागीय अफसरों के अनुसार इस परिक्षेत्र में मादा बाघिन के 2 फरवरी को केंवची, रूपनडांड जंगल से होकर अमरकंटक की ओर जाने की सूचना प्राप्त हुई है, जिससे रात्रिकालीन गश्त कर ग्रामीणों को सूचना प्रदान की गई। वहीं बुधवार को पुनः अमरकंटक जालेश्वर मार्ग में रात के समय वही मादा बाघिन दिखी, जिसके पग निशान को देखा गया। बाघिन के जालेश्वर मार्ग जंगल से होकर अचानकमार टाइगर रिजर्व की तरफ बढ़ने की संभावना है।

### स्पष्ट नहीं कहां से आई

अमरकंटक से जालेश्वर मार्ग पर बाघिन का मूवमेंट देखा गया है। यह बाघिन मादा है, जो शायद बिछड़कर इधर आई है। सूचना मिलते ही अलर्ट कराने के साथ गांव में मुनादी कराई जा रही है, ताकि किसी तरह की घटना न हो सके। कील कैमरे के साथ ट्रैप कैमरे को भी स्टेबलिस्ट किया जा रहा है। डब्लूआईआई से चर्चा में भी यह जानकारी नहीं मिल पा रही है कि यह बाघिन बांधवगढ़ या एटीआर की है। फिलहाल लगातार बाघिन पर निगरानी रखने का आदेश स्टाफ को दिया गया है।

**-ग्रीष्मी चांद** डीएफओ, पेण्ड्रा मरवाही वन मंडल

**ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने चला बुलडोजर**

# निगम ने हंगामे और विरोध के बीच सड़क किनारे से हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में आवागमन बाधित होने और लगातार लग रहे जाम से राहत दिलाने के लिए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस ने एक बार फिर संयुक्त अभियान चलाया। अभियान के दौरान सड़क किनारे दुकानों के सामने किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर से हटाया गया। साथ ही अवैध कब्जा करने वाले व्यापारियों पर भी कार्रवाई की गई।

ध्यान रहे कि शहर के अग्रसेन चौक से पुराना बस स्टैंड, श्रीकांत वर्मा मार्ग और महाराणा प्रताप चौक से नेहरू चौक तक के क्षेत्रों को पहले ही ट्रैफिक वायलेशन फ्री जोन घोषित किया जा चुका है। इन इलाकों में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर बिना




दुकानों के सामने से अतिक्रमण हटाता नगर निगम का अमला।

किसी रियायत के कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान सड़क सुरक्षा माह 2026 के अंतर्गत चलाया जा रहा है। अभियान के चौथे सेक्टर के रूप में तालापारा स्थित मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक की सड़क को शामिल किया गया है। यहां पुलिस, जिला प्रशासन और नगर निगम के समन्वय से अवैध अतिक्रमण, बैनर, पोस्टर, फ्लेक्स और होर्डिंग हटाए जा रहे हैं।

### लगातार एक महीने तक होगी कार्रवाई

यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए यातायात पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। नगर निगम के साथ संयुक्त कार्रवाई में मगरपारा चौक से भारतीय नगर चौक तक विशेष अभियान चलाया गया। अधिकारियों के मुताबिक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों और अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। अधिकारियों के अनुसार यह अभियान पायलट प्रोजेक्ट के रूप में एक माह तक चलेगा। इस दौरान मुख्य मार्गों से ठेला, गुमटी और चलित दुकानों को हटाया जाएगा, अव्यवस्थित पार्किंग पर रोक लगेगी और ट्रैफिक बाधित करने वाली सभी संरचनाओं को हटाया जाएगा।

**नमूना लेकर जांच के लिए भेजा**

# नकली कास्मेटिक की शिकायत पर पहुंची ड्रग विभाग की टीम



जांच करती खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार के सागर ट्रेडिंग कंपनी पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शुक्रवार की सुबह जांच के लिए पहुंची। इस दौरान टीम को नकली कॉस्मेटिक बेचने की शिकायत मिली थी। जिसपर टीम ने वहां मौजूद हेयर ऑयल और कास्मेटिक्स की जांच की और नमूना जब्त कर रायपुर कार्यालय भेज दिया है।

बताया जा रहा है कि हेयर ऑयल सहित कई कॉस्मेटिक उत्पादों पर नकली होने का संदेह होने पर टीम ने सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजने की औपचारिकता पूरी कर ली गई। इस दौरान बाजार में उपलब्ध ब्रॉड से मिलते जुलते हेयर ऑयल और कास्मेटिक्स उत्पाद पाए गए है। अधिकारियों ने बताया कि रूटिन जांच के लिए टीम पहुंची थी लेकिन सूत्रों के अनुसार शिकायत पर महज 1 की दुकान पर जांच की कार्रवाई की गई है जबकि रूटिन जांच में एक साथ कई जगहों पर टीम पहुंचती है। ऐसे में विभाग की कार्रवाई भी संदेह के घेरे में आ चुकी है, दरअसल पिछले कई माह से टीम लगातार कार्रवाई कर रही है लेकिन हर बार सैंपल जब्त करने के बावजूद रायपुर कार्यालय से रिपोर्ट सामने नहीं आती है, जिससे जांच की औपचारिकता ही सवालों का सामना कर रही है।

### रायपुर के बिल पर शहर में बेच रहा था दवा

ड्रग विभाग की टीम बिलासपुर के मंगला चौक पर स्थित प्रिज्म मेडिकल स्टोर पर भी शुक्रवार को छापामार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि मेडिकल स्टोर शिवनाथ हेल्थ केयर के नाम पर दर्ज है, जबकि दुकान संचालक द्वारा बिलिंग प्रिज्म मेडिकल स्टोर के नाम पर की जा रही है। इस दौरान दुकान में रायपुर की बिल पर दवा स्टोर कर रखा गया था, जबकि बिलासपुर के लिए दवा नहीं खरीदी गई थी। साथ ही अन्य दस्तावेजों में भी विसंगति मिलने के बाद विभाग ने दवा का सैंपल और कुछ दस्तावेजों को लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया जा रहा है कि बिलासपुर जिले से संबंधित क्रय दस्तावेज नहीं मिलने के कारण टीम ने संदेह के तहत कार्रवाई की है।

### लिया गया है सैंपल

हमारी टीम लगातार रूटीन कार्रवाई करती है। इस दौरान शिकायत आने पर भी टीम दुकानों में जांच करती है। शुक्रवार को कई जगहों पर कार्रवाई की गई है। व्यापार विहार में संदेह के आधार पर सैंपल कलेक्ट किया गया है। साथ ही एक मेडिकल दुकान में भी जांच की गई है।

**-भीष्म सिंह कंवर,** ड्रग कंट्रोलर, फूड एंड ड्रग विभाग

# नाली में खाद्य पदार्थ, होटल रेड डायमंड पर पांच हजार का जुर्माना




अधिकारियों की बैठक लेते निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे।

**बिलासपुर।** साफ-सफाई और उससे जुड़े हर काम को प्राथमिकता के साथ करते हुए समय सीमा के भीतर पूरा करें। स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उक्त निर्देश नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने दृष्टी सभाकक्ष में बैठक लेकर निगम अधिकारियों को दिए। इससे पूर्व सुबह निरीक्षण में निकलें निगम कमिश्नर ने देखा कि तोरवा क्षेत्र में स्थित होटल रेड डायमंड द्वारा नाली में खाद्य पदार्थ डाला गया है, जिसके कारण नाली जाम है,जिसके बाद निगम कमिश्नर के निर्देश पर होटल रेड डायमंड के खिलाफ पांच हजार का जुर्माना लगया गया है।

शहर के मोहल्लों में सुबह निरीक्षण के बाद निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने शाम को विकास भवन में स्वच्छता निरीक्षक तथा सर्वेक्षण के नोडल अधिकारियों की बैठक बुलाई। इस दौरान कमिश्नर श्री सर्वे ने निरीक्षकों से दो टूक शब्दों में कहा की स्वच्छता के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सफाई कार्य और कचरा कलेक्शन अपने नियत समय में होनी चाहिए। बैठक में निगम कमिश्नर ने कहा कि सर्वेक्षण के तहत सभी कार्य मिशन मोड पर करें। इस पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी सेनेटरी इंस्पेक्टर को अपने क्षेत्रों में सफाई कार्य की मॉनिटरिंग और नाली सफाई कार्य का सतत रूप से निगरानी करने के निर्देश दिए। सड़कों पर रखें मलबे को हटाने और कार्रवाई करने को भी कहा। निदान के माध्यम से आ रहे प्रकरणों का त्वरित निराकरण करें। सड़कों पर सी एंड डी यानि मलबा रखने वालों के खिलाफ़ अभियान चलाएं और जुर्माने की कार्रवाई करें। गली-मोहल्ले के जिन स्थानों का उपयोग कचरा फेंकने के लिए किया जाता है वहां कचरा नहीं डालने की अपील के साथ सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। बैठक में सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ़ कार्रवाई के निर्देश दिए।

- **अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस**

# पेयजल और खराब सड़कों पर होगा हंगामा, 33 पार्षदों ने दागे 66 सवाल




बैठक में चर्चा करतीं महापौर पूजा विधानी।

नगर निगम में करीब चार महीने बाद 13 फरवरी को होने वाली सामान्य सभा के लिए कुल 33 पार्षदों ने प्रश्न दागा है। इनकी लॉटरी शुक्रवार की दोपहर 12 बजे विकास भवन में निकाली गई। इसमें प्रश्न लगाने वालों में विपक्ष कांग्रेसी पार्षदों के मुकाबले भाजपाईयों ने अधिक सवाल पूछा है।

कुल मिलाकर कांग्रेस के 13 पार्षदों ने सामान्य सभा के लिए प्रश्न लगाए हैं, जबकि सत्तापक्ष भाजपा के 20 पार्षदों द्वारा प्रश्न लगाया गया है। एक-एक पार्षदों द्वारा दो-दो प्रश्न के हिसाब से कुल 66 प्रश्न किए गए हैं। सामान्य सभा के लिए पार्षदों द्वारा तरह-तरह के प्रश्न किए गए हैं। इनमें पेयजल संकट पानी समस्या, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन, आवास समस्या, सीवरेज पाइप लाइन, तालाब सौंद्रर्यीकरण कार्य से संबंधित, खराब सड़क, सीसी रोड निर्माण, मूलभूत सुविधाओं की कमी, अमृत मिशन योजना, स्ट्रीट लाईट नहीं जलने, टैक्स वसूली, मंगला में कचरा डंपिंग, साफ-सफाई समस्या सहित निर्माण एवं विकास कार्यों आदि के प्रश्न शामिल हैं।

गौरतलब है कि नगर निगम की सामान्य सभा 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे लखीराम आडिटोरियम में होगी। बैठक में कुल 15 एजेंडों पर चर्चा होगी, जिनमें शहर की सड़कों, नालियों, बिजली, पानी, गार्डन, और कॉम्प्लेक्स जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे शामिल हैं। इसके साथ ही, 100 करोड़ से अधिक के प्रस्तावों पर भी विचार किया जाएगा। यह बैठक दो महीने में होने वाली सामान्य सभा का हिस्सा है, लेकिन यह चार माह बाद की जा रही है। सामान्य सभा के पहले घंटे में प्रश्नकाल होगा, जिसमें महापौर और एमआईसी सदस्य पार्षदों के प्रश्नों का जवाब देंगे। इसके बाद अन्य प्रश्नों के उत्तर लिखित रूप में दिए जाएंगे। गौरतलब है कि इससे पहले 6 अक्टूबर 2025 को सामान्य सभा की बैठक हुई थी।

- **नगर निगम की सामान्य सभा चार महीने बाद 13 फरवरी को**

### अनजान एप लिंक से साफ हो रहा है बैंक अकाउंट

**बिलासपुर।** अनजाम एप को मोबाइल में इंस्टाल करना एक व्यक्ति को भारी पड़ गया। उसके खाते से महज कुछ ही मिनटो में 5 लाख रूपए पार हो गए। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वहीं लोगों की गाढ़ी कमाई को सुरक्षित रखने के लिए अनजान एप को मोबाइल में इंस्टाल नहीं करने की सलाह जारी की है। बताया जा रहा है कि उस्लापुर आनंद नगर में रहने वाला व्यक्ति अस्पताल का कर्मचारी साइबर ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित ने बताया कि 3 फरवरी की सुबह 10 बजे उनके मोबाइल नम्बर के वॉट्सएप में फर्जी मेसेज आया। जिसमें एप लिंक था, इसमें परिवहन विभाग का लोगों दिखाई दे रहा था। एप का लिंक खोलने पर पीड़ित का बाइक नंबर मिला और चालान काटने का मैसेज प्राप्त हुआ। पीड़ित ने ई चालान होने के कारण उसपर क्लिक किया और इस दौरान महज 5 मिनट के भीतर पीड़ित के बैंक अकाउंट से 5 लाख 199 रुपये की ठगी को अंजाम दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू का दी है।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# स्कूल फेयरवेल पार्टी में कार और ट्रैक्टर के साथ छात्र कर रहे थे स्टंट

**बिलासपुर।** जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सर्करा में आयोजित फेयरवेल पार्टी के दौरान छात्र रील बनाने और स्टंट दिखाने के चक्कर में अपनी जान जोखिम में डालते नजर आए।

पार्टी के दौरान कुछ छात्र ने कार और ट्रैक्टर लेकर स्कूल परिसर में घुसकर स्टंटबाजी की। इसी दौरान कार और ट्रैक्टर की जोरदार टक्कर हो गई। हालांकि इस टक्कर में दोनों वाहन में सवार छात्र बाल-बाल बच गए। छात्रों के स्टंटबाजी का वीडियो भी सामने आया है। दरअसल शासकीय स्कूल में सीनियर छात्रों के सम्मान में विदाई पार्टी का आयोजन किया गया। इस दौरान दो छात्र ट्रैक्टर और कार ड्राइव करते हुए स्कूल परिसर में आए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों छात्र रील बनाने और स्टंट दिखाने के लिए वाहनों को तेजी से घुमाने लगे। इसी बीच कार और ट्रैक्टर की जोरदार भिड़ंत हो गई। हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन छात्र की यह हरकत काफी खतरनाक थी। स्टंटबाजी के दौरान किसी ने उन्हें रोका नहीं। इस घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है कि छात्र बेखौफ होकर कार और ट्रैक्टर को स्कूल कैंपस में दौड़ा रहे थे। टक्कर के बाद वहां मौजूद दूसरे छात्र सकते में आ गए। जिला शिक्षा अधिकारी विजय तांडे ने इस बारे में कार्रवाई की बात कही है।

- **दोनों गाड़ियों की टक्कर में बाल-बाल बचे छात्र**



